हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

Jio

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

25 उत्कृष्ट किसानों का किया गया सम्मान

मनहरण लाल पाण्डेय की स्मृति में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

रायपुर। मनहरण लाल पाण्डेय स्मृति संस्थान ने पूर्व गृहमंत्री एवं सांसद रहे स्व. मनहरण लाल पाण्डेय की 88वीं जयंती के अवसर पर किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के पांच संभागों के 25 कृषकों को उत्कृष्ट किसान रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

स्थानीय सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आयोजन की सराहना करते हुए स्व. मनहरण लाल पाण्डेय को याद किया। उनसे जुड़े कई संस्मरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि दो कार्यकाल में वे श्री पाण्डेय के साथ विधायक रहे। पाण्डेय किसानों के हितों और हर खेत तक पानी पहुंचाने की चिंता करते थे। अरपा भैंसाझार परियोजना उनके प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने किसानों के हितों के प्रति अपनी सरकार और भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए किसानों को छत्तीसगढ़ के विकास की धुरी बताया। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि स्व. पाण्डेय कई दशकों के संघर्षों के साक्षी रहे हैं। भाजपा को खड़ा करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मनहरण लाल पाण्डेय को महामानव बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र और छत्तीसगढ़ अंचल की सेवा में लगा दिया। वे जमीन से जुड़े नेता और कृषक थे। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से उन्नत एवं स्वस्थ भारत का निर्माण होगा, क्योंकि कृषि ही विकसित भारत का आधार है। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम






संयोजक हर्षिता पाण्डेय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। बीजापुर के पूर्व कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने मनहरण लाल पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डे, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, मितुल कोठारी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, शशांक शर्मा, सुभाष तिवारी, राकेश तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, तौकीर राजा, ओम प्रकाश देवांगन, राकेश शर्मा, रविश गुप्ता, जयप्रकाश शर्मा, संजय खंडेलवाल, विनीता पाण्डेय, डॉ. नम्रता शर्मा और डॉ. शैल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्व. पाण्डेय की धर्मपत्नी निर्मला पाण्डेय की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

इन किसानों को मिला सम्मान

बिलासपुर संभाग से तोश राम राठौर, बृजलाल सिंह राठौर, उत्तरी बाई, यश मिश्रा, नरेंद्र पटेल और डॉ. विनय गुप्ता; सरगुजा संभाग से मिलिंद राज सिंह, रोशन लाल अग्रवाल, धरमलाल दादा और लक्ष्मण बंजारा; दुर्ग संभाग से शिव कुमार चंद्रवंशी, कमलेश सिंह राजपूत, कृष्णा चंद्राकर, परशुराम मंडावी और छत्रपाल देशमुख; रायपुर संभाग से तुलसी राम पटेल, सोबरन सिंह, खीर सागर पटेल, अरुण साव, मनीष शर्मा, मुकेश चौधरी और आत्मबोध अग्रवाल तथा बस्तर संभाग से रामसाय मरकाम, विजय मंडावी, तरुण साहा और मंगलू राम नरेटी को सम्मानित किया गया।

राज्योत्सव की थीम पद्म विभूषण तीजन बाई को समर्पित किए जाने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विश्व प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई के सम्मान में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव-2026 की मुख्य थीम उन्हें समर्पित करने की मांग राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लोक कलाकार राकेश तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर श्री तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, पंडवानी कला और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्षित करने में पद्म विभूषण तीजन बाई का अतुलनीय योगदान रहा है। वे छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोकपरंपरा की सशक्त प्रतिनिधि थीं।



रेलवे कनेक्टिविटी के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ याचिका खारिज

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल को रेलवे कनेक्टिविटी देने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने 27 अक्टूबर को पारित आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता अधिग्रहण की प्रक्रिया में ऐसी कोई कानूनी त्रुटि या अनियमितता साबित नहीं कर पाए, जिसके आधार पर संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हस्तक्षेप किया जा सकें। रेल मंत्रालय ने 16 जून 2025 को अधिसूचना जारी कर 28 जून को समाचार पत्र में प्रकाशित कराई थी। इसके तहत हथबंध रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन से खपराडीह गांव तक रेलवे ट्रैक बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित था। इसका उद्देश्य गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल को रेल संपर्क उपलब्ध कराना था। रवेली सहित आसपास के गांवों के किसानों ने रेलवे अधिनियम की धारा 20-डी के तहत आपत्तियां दर्ज कराईं। उनका तर्क था कि प्रस्तावित अधिग्रहण वास्तविक सार्वजनिक उद्देश्य के बजाय निजी कंपनी श्री सीमेंट को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। किसानों ने यह भी दलील दी कि क्षेत्र में पहले से रेलवे अधोसंरचना उपलब्ध है। अल्ट्राटेक सीमेंट के लिए रावन से हथबंध क्षेत्र तक रेलवे ट्रैक बनाया जा चुका है और उसके आसपास खाली जमीन भी मौजूद है। श्री सीमेंट ने निजी तौर पर जमीन खरीदकर खपराडीह से रवेली तक रेलवे ट्रैक बनाया है, जिसे मौजूदा रेल लाइन से जोड़ा जा सकता है। किसानों के अनुसार, नई लाइन उनके सिंचित खेतों के बीच से गुजरने के कारण खेती और उत्पादन प्रभावित होंगे। उन्होंने अधिग्रहण अधिकारी के 27 जनवरी 2026 के आदेश को चुनौती देते हुए आपत्तियों पर नए सिरे से विचार करने की मांग की थी।



अधिग्रहण प्रक्रिया रद्द करने से बड़े रेलवे प्रोजेक्ट पर असर

इससे पहले किसानों ने आपत्तियों पर निर्णय नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। 24 सितंबर 2025 को अदालत ने संबंधित अधिकारी को 30 दिनों के भीतर कानून के अनुसार आपत्तियों पर विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद अधिकारियों ने जवाब प्रस्तुत किया और 27 जनवरी 2026 को आपत्तियां खारिज कर दीं ।किसानों ने आरोप लगाया कि उनके प्रमुख तर्कों और वैकल्पिक व्यवस्था की संभावनाओं पर समुचित विचार किए बिना आदेश पारित किया गया एक अन्य याचिका में यह भी कहा गया कि प्रस्तावित रेल लाइन से कई गांवों के किसानों की कृषि भूमि प्रभावित होगी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अधिग्रहण की प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है और रेलवे अधिनियम की धारा 20-ई के तहत घोषणा भी जारी हो चुकी है। इस चरण में पूरी अधिग्रहण प्रक्रिया रद्द करने से बड़े रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजना पर असर पड़ेगा, जिससे अनेक गांवों और बड़ी संख्या में भू-स्वामियों के हित प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी माना कि निजी टर्मिनल संचालक को लाभ मिलने मात्र से रेलवे कनेक्टिविटी की परियोजना सार्वजनिक उद्देश्य की नहीं रह जाती। इस संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले का भी उल्लेख किया गया।

एपीएल-बीपीएल राशन कार्डधारियों को जनवरी से मिलेगा सुपर फाइन चावल

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि प्रदेश में बीपीएल और एपीएल राशन कार्डधारियों को जनवरी से सुपर फाइन चावल उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चावल में 25 से 30 प्रतिशत तक ब्रोकन होता था। केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब प्रदेश में भी राशन कार्डधारियों को सुपर फाइन चावल मिलना शुरू हो जाएगा। सरकार जनवरी से एपीएल और बीपीएल दोनों श्रेणियों के हितग्राहियों को बिना टूट वाला सुपर फाइन चावल उपलब्ध कराने की भी तैयारी कर रही है।

एकात्म परिसर में संवाददाताओं से चर्चा में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। सरकार 15 नवंबर से किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदा जाएगा। किसानों को टोकन लेने में परेशानी न हो, इसके लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है। सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 360 नए धान उपार्जन केंद्र खोले गए है। मंत्री ने बताया कि सरकार धान के स्थान पर दूसरी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने अब प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि 11 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए की जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करना और तिलहन जैसी दूसरी फसलों का उत्पादन बढ़ाना है।

मंत्री ने बताया कि एग्रीटेक आईडी के आधार पर किसानों की पहचान और उनकी जमीन का सत्यापन किया जा रहा है। बाहरी धान की आवक रोकने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था अपनाई जा रही है। नए उपार्जन केंद्रों पर कर्मचारियों और मजदूरों की भर्ती से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को 35,589 करोड़ रुपए की आदान सहायता दी जा चुकी है। वहीं, 11,281 करोड़ रुपए किसानों के खातों में भेजे जाने की जानकारी दी। 21 क्विंटल कम उत्पादन होने पर भी अंतर की राशि (बोनस) प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक देने के सवाल पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, धान खरीदी पुरानी नीति के तहत होगी। नीति में किसी भी तरह का नीतिगत बदलाव नहीं हुआ है। कम उत्पादन होने या प्रति एकड़ 21 क्विंटल कम बेचने पर किसानों को 21 क्विंटल का बोनस देने का कोई निर्णय सरकार ने नहीं लिया है, इस पर सरकार विचार कर रही ह, और यह अभी प्रकियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान के अवैध परिवहन, पुनर्चक्रण और खरीदी में अनियमितताओं को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में इसके लिए 273 चेक पोस्ट तथा 131 सीमावर्ती उपार्जन केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं।





हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026



हरिभूमि-आईएनएच की खबर का असर, रायपुर में ताबड़तोड़ छापा, सेंपल जांच के लिए भेजे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिठाइयों को चमकदार बनाने के लिए सिल्वर की जगह एल्युमिनियम परत चढ़ाने का हरिभूमि-आईएनएच के खुलासे के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजधानी में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान गोलबाजार की चार दुकानों से जांच के लिए सैंपल भी उठाया गया है। चांदी के नाम पर एल्यूमिनियम की यह परत पाचनतंत्र के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

मिठाइयों को सुंदर और चमकदार दिखाने ऊपर से चांदी का वरक लगाने का काम ▶▶|शेष पेज 6 पर

मिठाइयों को चमकदार बनाने चांदी की जगह एल्युमिनियम का वर्क



हरिभूमि की जांच में निकला एल्युमिनियम

हरिभूमि-आईएनएच की टीम ने आधा दर्जन दुकानों और कई जिलों से काजू कतली समेत कई मिठाईयों को चमकाने वाले सिल्वर लीव्स खरीदी। उन्हें जांच के लिए लैब और ज्वेलर्स के पास लेकर गए। आधे से ज्यादा सेंपल एल्युमिनियम ▶▶|शेष पेज 6 पर

लगातार जांच के निर्देश

त्योहारी सीजन के दौरान बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की लगातार जांच की जा रही है। मिलावट का मामला सामने आने पर खाद्य पदार्थों के निर्माताओं और विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

- दीपक अग्रवाल
नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन



खबर संक्षेप

देरी से जेल पहुंचा आसाराम, नया केस

जोधपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे आसाराम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चिकित्सा आधार पर मिली पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद निर्धारित समय से करीब 17 घंटे की देरी से जोधपुर केंद्रीय कारागार पहुंचने पर उसके खिलाफ नया मामला दर्ज किया गया है। रतानाडा थाने की पुलिस ने मंगलवार रात जेल अधिनियम की धारा 58(बी) के तहत आसाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया। देर रात पहुंचने के कारण जेल प्रशासन ने उसे प्रवेश देने से इंकार कर दिया। आसाराम बुधवार सुबह करीब 10 बजे जोधपुर केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण करने पहुंचा।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

रायसेन। मप्र के रायसेन जिले में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। नरेश राय (50) और उनकी मां ताराबाई राय (70) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल पर सवार तीसरे व्यक्ति कमलेश चौहान (35) ने भोपाल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह घटना जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर बाड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर मंगलवार देर रात हुई। ये तीनों सलकनपुर देवी मंदिर में दर्शन करके मोटरसाइकिल से अपने घर नकतरा लौट रहे थे।

जनरेटर से निकले धुएं के कारण दो की मौत


क्योंझर। ओडिशा के क्योंझर जिले में लक्ष्मी पूजा समारोह के दौरान एक बंद कमरे में चल रहे जनरेटर से निकले धुएं के कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। यह घटना मंगलवार रात बांसपाल प्रखंड के नयाकोट थाना क्षेत्र स्थित सुडूंगा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, पांच युवक एक बंद कमरे में सो रहे थे, जहां जनरेटर चालू हालत में छोड़ दिया गया था। बुधवार सुबह जब किसी ने घर का दरवाजा नहीं खोला, तो ग्रामीणों को संदेह हुआ और वे परिसर में दाखिल हुए। सभी पांचों युवक बेहोश थे। अस्पताल ले जाते समय उनमें से दो लोगों की रास्ते में ही मौत हो गई।

आंध्र प्रदेश-ओडिशा में जनजीवन बेहाल, छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश

'अर्नब' ने आंध्रप्रदेश-ओडिशा में मचाया कोहराम, 5 की मौत, छग में स्कूल बंद

चक्रवात ने आंध्र प्रदेश का तट किया पार, सड़कें क्षतिग्रस्त, बिजली के खंभे उखड़े

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' गंभीर रूप ले चुका है। इस चक्रवात के असर से आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। हालात ये हैं कि कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए, जबकि कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। आंध्र प्रदेश में चक्रवात के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। करीब 89 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जबकि कई ट्रेनें रद्द और स्कूल बंद किए गए हैं।





हरिभूमि न्यूज ▶▶| हैदराबाद/भुवनेश्वर/रायपुर

चक्रवात 'अर्नब' बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया, जिससे कई पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आंध्रप्रदेश में करीब 87 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि वह चक्रवात 'अर्नब' से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजें और एनडीआरएफ तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग जारी रखें। इधर, 'अर्नब' के कारण हुई मूसलाधार बारिश से दक्षिणी ओडिशा में आम ▶▶|शेष पेज 6 पर

पश्चिम बंगाल में भारी बारिश का अनुमान

चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 31 अक्टूबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा यह चक्रवाती तूफान बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। विभाग ने बताया कि मंगलवार को पश्चिम बंगाल के तटीय और दक्षिणी जिलों के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई। राज्य के तटीय और पश्चिमी जिलों में शुक्रवार ▶▶|शेष पेज 6 पर

रायपुर समेत कई जिलों के स्कूल-कॉलेज आज रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संबंध में जारी मौसम चेतावनियों तथा संभावित बारिश, तेज हवाओं एवं अन्य प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए रायपुर समेत बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर संभाग के कई जिलों के स्कूलों में 29 अक्टूबर को भी अवकाश का ऐलान कर दिया है। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव की घोषणा के बाद जिलों में अवकाश का ऐलान किया गया। रायपुर में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार जिले की भौगोलिक ▶▶|शेष पेज 6पर

अर्नब के असर से छग में तेज हवाएं और बारिश

जगदलपुर। चक्रवाती तूफान का छग के कई इलाकों में खासा असर पड़ा है। बस्तर से लेकर रायपुर तक हवाओं के साथ पानी बरसा। बस्तर संभाग में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। हालांकि किसी जिले में भारी बारिश या जन-धन हानि की खबर नहीं है। तूफान के दौरान भारी बारिश की आशंका से पूरा बस्तर संभाग अलर्ट पर है, लेकिन बुधवार को चेतावनी के अनुरूप भारी बारिश किसी जिले में दर्ज नहीं की गई। हालांकि कई जिलों में दिनभर हल्की बारिश होती ▶▶|शेष पेज 6 पर

बाजार से लौट रहे सराफा व्यापारी से मारपीट कर 15 किलो चांदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्जनपुर के पास सोना-चांदी के व्यवसायी और उसके साथी के साथ लूट की घटना सामने आई है। 27 अक्टूबर को ग्राम दलदली के साप्ताहिक बाजार से सोना-चांदी की खरीदी-बिक्री कर मोटरसाइकिल से लौट रहे एक व्यवसायी का रास्ता रोककर अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने मारपीट की और बैग में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कबीरधाम पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पांडातराई निवासी वेदप्रकाश सोनी अपने साथी नरेंद्र पाटस्कर के साथ मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम दुर्जनपुर के पास अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट कर उनके पास रखा बैग लूट लिया। प्रार्थी वेदप्रकाश सोनी के मुताबिक, बैग में 15 किलोग्राम से अधिक चांदी के आभूषण, 10 से 15 ग्राम सोने के आभूषण ▶▶|शेष पेज 6 पर

- सोने के आभूषण और 1.50 लाख रुपए नकद भी लूटे

एसपी के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीम

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर मंगलवार शाम से ही पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में साइबर थाना और तीन अन्य थानों की पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े तथ्यों, परिस्थितियों और अन्य संभावित सुरागों के आधार पर जांच कर रही है।

3 को राज्योत्सव के समापन में शामिल होंगे अमित शाह, विभूतियों को करेंगे अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 3 नवंबर को शामिल होंगे। वे समापन समारोह में राज्य अलंकरण पुरस्कारों का वितरण करेंगे। राज्योत्सव 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होगा। आयोजन को लेकर प्रदेश में ▶▶|शेष पेज 6 पर

2 को एयर शो

राज्योत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर को सारंग हेलिकॉप्टर एयर शो का आयोजन किया जाएगा। श्री साय ने कहा कि आज सारंग हेलिकॉप्टर टीम के सभी कैप्टन से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात हुई। मैं पूरे प्रदेश के लोगों से आग्रह करना चाहूंगा कि दो तारीख को सेंध लैक, नवा रायपुर में यह भव्य एयर शो देखने जरूर पहुंचे।

सेंध लेक के ऊपर हवा में एक घंटे तक वायुसेना के जांबाजों की रोमांचक उड़ान

नवा रायपुर के आकाश में दिल की आकृति बनाकर सारंग के 5 हेलीकाप्टर करेंगे छत्तीसगढ़ का अभिनंदन

रायपुर। नवा रायपुर स्थित सेंध लेक के ऊपर आकाश में एक घंटे तक वायुसेना के जांबाज हवाई करतब दिखाएंगे। 2 नवंबर की सुबह 11 बजे से वायुसेना की हवाई उड़ानों के ये हैरतंगेज करतब प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस हवाई करतब की खास बात ये होगी कि सेना की एयरोबेटिक टीम सारंग के 5 हेलीकाप्टर 26वें राज्योत्सव पर आसमान में दिल ▶▶|शेष पेज 6 पर

एयर-शो से युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना मकसद

स्क्वाड्रन लीडर अजीत ने बताया कि सारंग टीम देश-विदेश में अपने हवाई प्रदर्शनों के माध्यम से भारतीय वायु सेना के कौशल, अनुशासन और उत्कृष्टता का परिचय देती रही है। सारंग टीम का उद्देश्य केवल दर्शकों को रोमांचक हवाई करतब दिखाना नहीं है, बल्कि युवाओं को साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना भी है। भारतीय वायुसेना में युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को निखारने तथा देश की सेवा करने के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

जियो प्लेटफॉर्म्स बनी दूसरी सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनी

जियो की धमाकेदार एंट्री, भावुक हुए मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज समर्थित डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयर ने बुधवार को शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की। कंपनी का शेयर 1,119 रुपये के निर्गम मूल्य से करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1418.20 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही वह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। लिस्टिंग के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भावुक हो गए। समारोह में उनके बेटे अनंत अंबानी और बेटी ईशा अंबानी ने कंपनी के सफर, परिवार के सपनों और जियो की कामयाबी पर बात की। दोनों की बातें सुनते ▶▶|शेष पेज 6 पर



जियो ने कमाए 15.5 अरब डॉलर

ईशा अंबानी ने जियो की वित्तीय कामयाबी का जिक्र करते हुए कहा कि इस साल कंपनी ने करीब 15.5 अरब डॉलर का रेवेन्यू और लगभग 8 अरब डॉलर की वास्तविक कमाई की। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम कंपनियां महज 10 साल में इस स्तर तक पहुंच पाती हैं। ईशा ने अपने भाई और रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी की मेहनत की भी तारीफ की।

अनंत अंबानी बोले- जियो अब भारत की कंपनी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने अपने भाषण की शुरुआत आभार जताते हुए की। उन्होंने जियो पर भरोसा करने वाले लाखों लोगों को इस उपलब्धि का श्रेय दिया। अनंत ने कहा कि शेयर बाजार में बजने वाली घंटी उनके लिए मंदिर की घंटी जैसी होगी, क्योंकि उनके लिए कारोबार पूजा की तरह है। उन्होंने कहा कि पूजा के बाद प्रसाद सबके साथ बांटा जाता है।

भारतीय एयरटेल को पीछे छोड़ा

शेयरों की शानदार शुरुआत के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड बाजार पूंजीकरण के लिहाज से सबसे मूल्यवान दूरसंचार कंपनी भी बन गई। उसने भारती एयरटेल को पीछे छोड़ दिया, जिसका बाजार पूंजीकरण 12.16 लाख करोड़ रुपए था। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को पेशकश के मुकाबले 22.19 गुना बोलियां मिली थीं।

चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण
रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आस्था
महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- दिलीप साहू, गरियाबंद

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की इ्रग्स बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से इ्रग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर




भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिकी और भारत के समाज को जोड़ती है



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 26, अंक : 219
पृष्ठ : 12+6= 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 26.1
न्यून. 23.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



कैसे मिलेंगी सुविधाएं...निकायों को मिला था खजाना, लेकिन खर्च ही नहीं कर पाए रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के कामकाज का ये आलम है कि शहरों में बुनियादी सुविधाएं तैयार करने के लिए शासन ने खजाना दे रखा है, लेकिन निकाय इस राशि को खर्च भी नहीं पा रहे हैं। यह बात सरकार की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सामने आई है। बुनियादी सुविधाएं बनाने का मतलब ये है कि सड़क, पुल-पुलिया पानी, बिजली, सफाई वगैरह। निकायों का मूल काम यही है, लेकिन वे इससे नजरअंदाज करते दिख रहे हैं।

अलग खबर

स्वीकृति प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी- समीक्षा बैठक में बताया गया कि ⏭शेष पेज 6 पर

तीन साल में अधोसंरचना मद के लिए 2,690 करोड़ रुपए का बजट

566 करोड़ का प्रावधान 56 करोड़ ही खर्च

विभागीय समीक्षा में 15वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट से जुड़े कार्यों की स्थिति भी सामने आई। इस मद में 100 कार्यों के लिए 565.16 करोड़ रुपये का प्रावधान था, लेकिन 63 कार्यों के लिए 255.14 करोड़ रुपये ही स्वीकृत हुए। इन स्वीकृत कार्यों पर अब तक सिर्फ 56.32 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके अलावा, 21 कार्य शुरू ही नहीं हुए हैं।



ये है तीन साल का हिसाब

वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक अधोसंरचना मद में 2,690 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के मुकाबले 1,955.55 करोड़ रुपये के 13,057 कार्य स्वीकृत किए गए। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,190 कार्यों के लिए 194.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, जिसे दस्तावेज में 22.87 प्रतिशत बताया गया है।

क्या है अधोसंरचना मद

अधोसंरचना मद से नगरीय निकायों में बुनियादी सुविधाओं के विकास से जुड़े काम कराए जाते हैं। इनमें संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार सड़क निर्माण और मरम्मत, नाली-नालों तथा पुल-पुलियों का निर्माण, पेयजल पाइपलाइन और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हो सकते हैं। ऐसे कार्यों का उद्देश्य शहरों और कस्बों में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

अब बदलेगी प्रक्रिया

इस समस्या को दूर करने के लिए पंचायतों और मनरेगा में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप एक निश्चित लागत सीमा तक कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति देने के अधिकार नगर निगम आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को सौंपने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित सीमा से अधिक लागत वाले कार्य राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस व्यवस्था को 16वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद और विभाग की अन्य योजनाओं में भी समान रूप से लागू करने का प्रस्ताव है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

राजौरी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूरवर्ती जंगल में आतंकवादियों का एक ठिकाना मिला और वहां से कुछ ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद किया गया। राष्ट्रीय राइफल्स ने कोटरंका उपमंडल के ऊपरी इलाके में स्थित डोबा गली में तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता लगाया। ठिकाने से अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर के चार गोले मिले।




अतिरिक्त छोले मांगने पर कर दी हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के निहाल विहार इलाके में ठेले पर छोले-भटूरे बेच रहे व्यक्ति से और छोले मांगने को लेकर हुए कथित विवाद के बाद विक्रेता ने 35 वर्षीय चालक पर कई बार चाकू से हमला कर दिया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया पर उसकी मौत हो गई। ज्वालापुरी नाले के पास 'छोले-भटूरे' बेचने वाले व्यक्ति से हाथापाई के दौरान पीड़ित संदीप पर कथित तौर पर हमला किया गया था। चिंटू गुप्ता नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। और पीड़ित की मौत के बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गई हैं। 26 अक्टूबर को संदीप के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी और उसके पेट समेत शरीर के कई हिस्सों पर चाकू मारा गया था।

साइबर धोखाधड़ी, आठ आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में सत्य सनातन ट्रस्ट नाम से खोले गए बैंक खातों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में भोपाल से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। ट्रस्ट के बैंक खातों की जांच में साइबर धोखाधड़ी की 35 शिकायतें सामने आई हैं, जिनमें लगभग 11.63 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेनदेन शामिल है। तीनों आरोपियों को रविवार शाम भोपाल में गिरफ्तार किया गया।



दिल्ली में बड़ी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, देशव्यापी अभियान का शुभारंभ

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च भाजपा अध्यक्ष बोले- मोदी कहीं नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस और विपक्षी दल एसआईआर के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। इसी के जवाब में भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान की शुरुआत की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली के चांदनी चौक में पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा और कहा, नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले और 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद लाल किले की प्राचीर पर लौटेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद स्वतंत्रता दिवस पर बतौर प्रधानमंत्री लालकिला जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नवीन ने चांदनी चौक इलाके में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का नेतृत्व किया। यह रैली जैन लाल मंदिर से टाउन हॉल चौक तक निकाली गई। नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मतदाता सूची की सफाई करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से कांग्रेस के नेता परेशान हैं, लेकिन भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। -

खास खबर

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के कड़वे बोल के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन



भाजपा ने जारी किया गीत

भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष की प्रधानमंत्री को लेकर की गई 'बाप' वाली टिप्पणी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपना अभियान तेज करते हुए एक गीत जारी किया है। गीत में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बार-बार कहा गया है, 'मोदी कहीं नहीं जाएगा।' गीत के बोल हैं, '...आंखें झुका लो, कान खोल के सुन लो, मोदी कहीं नहीं जाएगा, मोदी कहीं नहीं जाएगा।'

देश में अराजकता का कोई स्थान नहीं: नितिन: नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता फैलाना चाहती है लेकिन यहां पर अराजकता का कोई स्थान नहीं है और सरकार विकास को आगे बढ़ा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया को सही ठहराते हुए नितिन नवीन ने कहा कि जो सही है, उसका नाम चढ़ेगा और घुसपैठियों का नाम हटेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता संघर्ष करने को तैयार है।

राहुल और कांग्रेस पर निशाना

कई राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का विरोध करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नवीन ने कहा, उनका संविधान से कोई लेना-देना नहीं है और उनकी पार्टी केवल वही सुनती है, जो वह या उनका परिवार निर्देश देता है। भाजपा अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि नरेन्द्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले और 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद लाल किले की प्राचीर पर लौटेंगे। लाल किले से ही प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं। नवीन ने कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। जिस तरह वह आगे बढ़ रहे हैं, उससे जल्द ही पार्टी में केवल वही एक कार्यकर्ता बचेंगे।

हाईकोर्ट से मिली राहत

नए सिरे से अब तय होगी मेडिकल कालेज की फीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजी मेडिकल कालेजों की हॉस्टल, मेस और परिवहन शुल्क में कटौती करने तथा स्टूडेंट्स से अधिक वसूली गई राशि लौटाने के निर्देशों को हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने नए सिरे से शुल्क निर्धारण का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। इस निर्देश के साथ ही कोर्ट ने प्रकरण को राज्य सरकार को वापस भेज दिया है।

हाईकोर्ट ने रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति को नए सिरे से शुल्क निर्धारण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि कालेजों के खर्च और विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या सहित संबंधित वित्तीय दस्तावेजों पर विचार करने के बाद ही शुल्क तय किया जाए। नई प्रक्रिया में दोनों संस्थानों को सुनवाई ⏭शेष पेज 6 पर

कालेजों की ऐसी दलील

कालेजों की ओर से दलील दी गई थी कि शुल्क तय करते समय भवन, कर्मचारियों के वेतन, बिजली, रखरखाव, ईंधन, परिवहन और अन्य सुविधाओं पर होने वाले वास्तविक खर्च का उचित आकलन नहीं किया गया। विद्यार्थियों की कुल संख्या और हास्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी अलग-अलग शैक्षणिक सत्रों में भिन्न थी। इसके बावजूद समिति ने एक समान आधार पर शुल्क निर्धारित कर दिया। संस्थानों ने यह भी कहा कि संबंधित दस्तावेज देने और सुनवाई का उचित अवसर नहीं मिला तथा समिति की अनुशंसा पर सभी सदस्यों के हस्ताक्षर भी नहीं थे।

रेलवे बोर्ड का फरमान

अब रात में मोबाइल चार्ज नहीं कर सकेंगे रेल यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोनों से 2014 के उस आदेश का पालन करने को कहा है जिसके तहत, आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोचों में मौजूद सभी मोबाइल फोन और लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट को रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच बंद रखने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड ने 26 अक्टूबर की तारीख वाले अपने पत्र में कहा, हाल ही में, एसईआर (दक्षिण पूर्व रेलवे) में एक घटना सामने आई है, जिसमें ट्रेन के कर्मचारियों ने निर्धारित समय के दौरान मोबाइल चार्जिंग पॉइंट बंद नहीं किए। इसके बाद, चार्जिंग के दौरान एक यात्री का पावर बैंक फट गया और उसमें से धुआं निकलने लगा। इसमें कहा गया, उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, सभी क्षेत्रीय रेलवे को सलाह दी जाती है कि वे सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मोबाइल चार्जिंग पॉइंट रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक हमेशा बंद रहें। पत्र में यह भी कहा गया कि इस मामले में कोई अपवाद नहीं होना चाहिए।



सभी जोन को निर्देश

बोर्ड ने सभी जोन को यह भी निर्देश दिया है कि वे संबंधित कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दें, ताकि इन निर्देशों का प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन और अनुपालन सुनिश्चित हो सके। पत्र में कहा गया है, इसके अलावा, इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और पर्यवेक्षकों, दोनों स्तरों पर औचक निरीक्षण किए जाने चाहिए।

क्यों लिया गया निर्णय

जून 2014 में, दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन के बेंगलुरु मंडल में 'हजूर साहिब नांदेड़-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस' के एक वातानुकूलित थ्री-टियर कोच में 2013 में लगी आग की घटना के बाद, रेलवे बोर्ड ने 'रेलवे सुरक्षा आयुक्त' (सीआरएस) की सिफारिश पर पहली बार ट्रेनों में लगे इलेक्ट्रिकल सॉकेट पॉइंट्स को बंद करने का फैसला किया।

यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील

रेलवे की इस व्यवस्था का उद्देश्य चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अत्यधिक गर्म होने, खराबी और आग जैसी घटनाओं का जोखिम कम करना है। रेलवे ने यात्रियों से भी सतर्क रहने की अपील की है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यदि मोबाइल या पावर बैंक असामान्य रूप से गर्म हो, उसमें से धुआं निकले या किसी तरह की खराबी दिखाई दे, तो तुरंत ट्रेन स्टाफ को इसकी सूचना दें।

दिवाली का तोहफा

केंद्रीय कर्मचारियों को सौगात तीन फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिवाली से पहले तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडसल के इस फैसले से करीब 1.17 करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

1.17 करोड़ को फायदा- बयान के मुताबिक, इस फैसले से करीब 48.54 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.71 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। इस तरह कुल लाभार्थियों की संख्या 1.17 करोड़ से अधिक है। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर सालाना 10,016.10 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा। सरकार ने कहा कि यह बढ़ोतरी सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय और स्वीकृत फार्मूले के अनुरूप की गई है।

भयानक हादसे से दहल गया स्पेन



02 ट्रेनों के बीच टक्कर
64 की मौत
80 यात्री घायल
544 यात्री थे सवार

मैड्रिड। स्पेन के तोलेदो प्रांत में बुधवार को दो ट्रेन के बीच टक्कर हो जाने से कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले कैस्टिला-ला मांचा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एमिलियानो गार्सिया पेज ने कहा था कि कम से कम 80 लोग घायल हुए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बचावकर्मी मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं। एक ही दिशा में जा रही दो तेज रफ्तार ट्रेन हादसे का शिकार हुईं, एक ट्रेन दूसरी ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। उन्होंने कहा कि हादसे के कारण का पता लगाया जा रहा है। 'रेनफे' की ट्रेन में 397 यात्री और 'इर्यो' की ट्रेन में 147 यात्री सवार थे।

बदहाल शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की मांग, पहुंचे एसडीएम दफ्तर

एक कमरे में पांच कक्षाएं, भवन मांगने बरसते पानी में 15 किमी पैदल चलकर मैनपुर पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

चक्रवाती अर्नब तूफान के चलते झमाझम बारिश के बावजूद आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ठेमली पथरी के आदिवासी छात्र –छात्राएं एवं पालक ग्रामीण अधूरे स्कूल भवन को पूरा कराने की मांग और बदहाल शिक्षा व्यवस्था मे सुधार की मांग को लेकर 15 किलोमीटर पैदल चलकर नारेबाजी करते हुए ⏭शेष पेज 6 पर



क्या कहते हैं एसडीएम

मैनपुर एसडीएम लोकांश एल्मा ने बताया ठेमली के छात्र –छात्राओ व ग्रामीणों ने पदयात्रा कर मांग पत्र सौंपा है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजकर समस्या का निराकरण करवाया जाएगा।

क्या कहते है बीआरसीसी

राजीव गांधी शिक्षा मिशन के बीआरसीसी शिवकुमार नागे ने कहा कि उन्होंने इस स्कूल का निरीक्षण किया है। अधूरे भवन को पूरा कराने का निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा दिया गया है।

बारिश में दर्जनों बच्चे नंगे पैर 15 किमी जंगल के रास्ते से चलकर आए

स्कूली छात्र –छात्राएं जब पदयात्रा करते जंगल रास्ते से होते हुए नेशनल हाईवे पर नारेबाजी करते मैनपुर पहुंचे तो देखा गया दर्जनों बच्चों के पास जूते चप्पल भी नहीं थे और नंगे पैर झमाझम बारिश में चलते दिखे। ग्रामीणो ने तीन दिन पहले ही पदयात्रा आंदोलन करने की चेतावनी दी थी और समय रहते शिक्षा विभाग के अधिकारी यदि ग्राम ठेमली पहुंचकर बच्चों और ग्रामीणों को आश्वासन देते या समस्या का समाधान करते तो आज बच्चों को 15 किमी पैदल चलना नहीं पड़ता।



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

बैठने-खड़े होने पर जब हो बैक पेन



मेरी उम्र 63 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।

-नवीन, महासमुंद

बैक पेन का स्थाई समाधान रेग्युलर बैक की एक्सरसाइज ही है। क्योंकि दवा से कुछ समय के लिए आराम मिलेगा, फिर दर्द हो जाएगा। साथ ही कैल्शियम और विटामिन डी की जांच जरूर कराएं। अगर कमी है तो इसकी दवा रेग्युलर लेना शुरू करनी चाहिए। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर आप बैक की एक्सरसाइज सीख लें, उन्हें नियमित रूप में करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे यूरिन पास करने में काफी दर्द और जलन होती है। कभी-कभी यूरिन का कलर पीला आता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?

-दीपक, रायपुर

कई बार यूरीन कलर पीला और जलन, पानी कम पीने की वजह से भी होता है। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी दर्द भी होता है। इसलिए आपको नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह कुछ जांच कराएंगे, जिसके बाद इसकी वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट हो सकेगा। फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे होंठ हमेशा रूखे और फटे-फटे रहते हैं। लिप बाम और एंटीसेप्टिक क्रीम लगाने का भी असर कुछ ही देर रहता है। ऐसा क्यों होता है?

-सुमित, रोहतक

कुछ लोगों की स्किन ड्राय होती है और किसी की ऑयली। जिनकी ड्राय होती है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए आप पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें और समय-समय पर क्रीम लगाते रहें। इसका कोई स्थायी समाधान नहीं। इसी तरह राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे सिर के पिछले हिस्से में अकसर तेज सुई चुभने जैसा दर्द होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-कुशल, बिलासपुर

आपको तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह सिटी स्कैन या एमआरआई कराकर इसकी वजह पता लगाएंगे, क्योंकि सामान्य तौर पर सिर दर्द कई बार आंख कमजोर होने की वजह से भी होता है, पर खास हिस्से में होने की वजह कुछ और भी हो सकती है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी हार्ट बीट्स रह-रहकर तेज हो जाती हैं। मन में अजीब-सी घबराहट पैदा होती है। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यो हो रहा है? कृपया बताएं मैं क्या करूं?

-बलबीर, महेंद्रगढ़

अगर आपको ऐसा महसूस हो रहा है तो इस बात पर गौर करें कि ऐसा तेज चलने से या वजन उठाने से ऐसा हो रहा है। अगर ऐसा है तो जरूर आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। यह समस्या कई बार दिल से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा दौड़ भाग या अधिक श्रम वाला काम ना करें।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?

-संजय, राजनांदगांव

अगर हल्का-हल्का दर्द लगातार रहता है तो बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर एक बार अल्ट्रासाउंड करा लें। कई बार स्टोन की वजह भी दर्द शुरू होता है। लेकिन बगैर जांच कराएं कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इस दौरान आप अधिक तला भुना और बाजार का खाना बंद कर दें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. तुषार राउत
न्यूरोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

स्पेशलः वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

आंकड़ों के अनुसार 18 लाख स्ट्रोक के नए मामले भारत में प्रति वर्ष सामने आते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितनी गंभीर समस्या है। लेकिन एलर्टनेस और प्रिकॉशन के जरिए इसकी रोकथाम की जा सकती है। यहां विस्तार से बता रहे हैं, स्ट्रोक के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में।

लाइलाज नहीं है स्ट्रोक संभव है प्रिवेंशन-ट्रीटमेंट





वर्ल्ड स्ट्रोक आर्गेनाइजेशन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले बढ़त पर हैं। देश में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्ट्रोक है। भारत में हर 40 सेकेंड पर एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है। जो लोग पहली बार स्ट्रोक के बाद नियमित रूप से दवाएं नहीं लेते या फिर डॉक्टर द्वारा दिए गए परामर्श पर अमल नहीं करते, उनमें स्ट्रोक के दोबारा होने का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

स्ट्रोक क्या है

स्ट्रोक एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है। मृत्यु व विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। स्ट्रोक तब होता है, जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या जब कोई रक्त वाहिका (ब्लड वेसल) फट जाती है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। स्ट्रोक के दो मुख्य प्रकार हैं। पहला, इस्केमिक स्ट्रोक जो मस्तिष्क में रक्त संचार में रुकावट या ब्लॉकेज के कारण होता है। दूसरा, हेमोरेजिक स्ट्रोक, जो रक्त वाहिका के फटने के कारण होता है। रिकवरी के लिए लक्षणों की जल्द पहचान और समय पर समुचित इलाज बेहद महत्वपूर्ण हैं।

शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण

स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के बाद के शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह फिर से शुरू हो सकता है और मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को सीमित किया जा सकता है। इस्केमिक स्ट्रोक के मरीजों को थक्का घोलने वाली दवा (क्लॉट-बस्टिंग मेडिकेशन) दी जा सकती है। इसके अलावा, उन्नत इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स जैसे विशेष सक्शन डिवाइस और स्टेंट रिट्रीवर का उपयोग करके भी थक्के को हटाया जा सकता है और बंद धमनियों को फिर से खोला जा सकता है। इलाज की प्रक्रिया का चयन स्ट्रोक के प्रकार, लक्षण शुरू होने के बाद से बीते समय और मरीज की क्लिनिकल स्थिति पर निर्भर करता है। मरीज को जल्द से जल्द एक ऐसे अस्पताल पहुंचना चाहिए जहां न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजिस्ट की विशेष टीम उपलब्ध हो।

कुछ उपचार केवल एक निश्चित समय सीमा (विंडो पीरियड) के भीतर ही उपलब्ध होते हैं, इसलिए लक्षणों की जल्द पहचान और तुरंत इलाज जरूरी है। भले ही लक्षणों में सुधार हो जाए या वे गायब हो जाएं, फिर भी डॉक्टरी जांच में देरी नहीं करनी चाहिए।

एक्यूट (शुरुआती) इलाज के बाद, मरीजों को ठीक होने और उनके काम करने की क्षमताओं को वापस पाने में मदद करने के लिए न्यूरोरिहैबिलिटेशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोबारा स्ट्रोक होने के जोखिम को कम करने के लिए सही फॉलो-अप देखभाल और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं भी जरूरी हैं।

रिस्क फैक्टर्स को समझें

उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), मधुमेह (डायबिटीज), हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, शारीरिक सक्रियता की कमी या नियमित रूप से व्यायाम न करना, हृदय से जुड़ी कुछ बीमारियां, धूम्रपान, तंबाकू का सेवन और अत्यधिक शराब पीना स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं। कुछ आनुवंशिक कारक भी युवाओं में स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जैसे होमोसिस्टीन का बढ़ा हुआ स्तर भी युवाओं में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। रक्त में होमोसिस्टीन का स्तर ज्यादा होने से धमनियों में सूजन या कड़ापन (एथेरोस्क्लेरोसिस), खून के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) बनना और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। स्लीप एपनिया भी एक अन्य महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। नींद के दौरान तेज खर्राटे लेना, दिन में अत्यधिक नींद आना जैसे लक्षणों के महसूस होने पर शीघ्र ही विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

जीवनशैली में करें बदलाव

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार जीवनशैली में स्वास्थ्यकर बदलाव कर स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत जंक फूड्स से दूर रहकर समुचित संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना, नियमित व्यायाम करना और तनाव प्रबंधन से संबंधित विधियों आदि को शामिल किया जाता है।

संतुलित आहारः फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स और प्रोटीन से भरपूर आहार स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट और अतिरिक्त चीनी को सीमित करने के साथ-साथ नमक का सेवन प्रति दिन 5 ग्राम से कम रखना चाहिए।

नियमित शारीरिक गतिविधिः हफ्ते मे कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम, जैसे तेज चलना, साइकिलिंग या तैरना, स्वस्थ वजन बनाए रखने, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मददगार है।

नियमित जांच और परामर्शः रक्तचाप, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की एक निश्चित समय अंतराल पर डॉक्टर के परामर्श से जांचें करवानी चाहिए। विशेष रूप से 35 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर स्वास्थ्य जांच (हेल्थ चेक-अप) कराने से जोखिम की जल्दी पहचान हो सकती है।

तनाव प्रबंधन जरूरीः पर्याप्त नींद, सही मात्रा में पानी पीना (हाइड्रेशन) और योग व ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में सहायक है।

संभव है स्ट्रोक की रोकथाम

स्ट्रोक से बचाव के लिए जागरुकता, जोखिम भरे कारकों की जल्द पहचान और जीवनशैली में लगातार सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता होती है। ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, तंबाकू से बचना और शराब से दूरी बनाना स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही, एफएएसटी (फास्ट) के चेतावनी संकेतों को पहचानना और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना भी बेहद जरूरी है।

सर्दियों का मौसम और स्ट्रोक

सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। एक बड़ी संख्या में स्ट्रोक के मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपना विशेष ख्याल रखें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



इस बार की थीम है इंपॉर्टेंट

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित वर्ल्ड स्ट्रोक डे के लिए इस बार की थीम है, 'एवरी मिनिट काउंट्स', जिसका हिंदी में आशय है कि स्ट्रोक की गिरफ्त में आए लोगों के लिए हर मिनट कीमती है। इस बार का हैशटैग है फास्ट।

एफएएसटी (फास्ट) एक ऐसा संक्षिप्त शब्द है जो स्ट्रोक के मुख्य संकेतों को पहचानने में मदद करता है।

एफ- फेस ड्रूपिंग (चेहरा झुकना): चेहरे का एक हिस्सा झुक सकता है या सुन्न महसूस हो सकता है।

ए- आर्म वीकनेस (बांह में कमजोरी): एक बांह कमजोर या सुन्न हो सकती है।

एस- स्पीच डिफीकल्टी (बोलने में कठिनाई): आवाज लड़खड़ा सकती है या बातचीत को समझना मुश्किल हो सकता है।


टी- टाइम टू एक्ट (कार्रवाई का समय): बिना देर किए तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

अपने देश ही नहीं पूरी दुनिया में फैटी लिवर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिंताजनक बात यह है कि बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे में इसके कारणों, लक्षणों के साथ ही बचाव के उपाय के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

हर उम्र के लोगों में बढ़ रही फैटी लिवर की प्रॉब्लम



हाल के बरसों में हर आयु वर्ग के लोगों की जीवनशैली बदली है। खान-पान के तौर-तरीके में बड़ा परिवर्तन आया है। एक ओर निष्क्रिय लाइफस्टाइल ने स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाया है तो दूसरी ओर सेहत से ज्यादा स्वाद को तवज्जो देने वाले फूड आइटम्स हमारी थाली का हिस्सा बन गए हैं। विशेषकर बच्चे हमारी परंपरागत भोजनशैली से दूर हुए हैं। इन आदतों से समग्र स्वास्थ्य पर तो दुष्प्रभाव पड़ ही रहा है, किसी अंग विशेष की सेहत बिगड़ने की स्थितियां भी पैदा हो गई हैं। ऐसी ही एक स्वास्थ्य समस्या है फैटी लिवर।


आंकड़े हैं चिंताजनकः चिंतनीय है कि 2030 तक, विश्व भर में अनुमानित 35 करोड़ 70 लाख लोग फैटी लिवर रोग के साथ जीवन जी रहे होंगे। भारत में लगभग 38 प्रतिशत से 40 प्रतिशत एडल्ट्स इस बीमारी से प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ही हमारे यहां 2021 में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज कार्यक्रम में फैटी लिवर को शामिल कर प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर इसकी जांच के लिए गाइडलाइन जारी किए गए थे।

क्या है फैटी लिवरः असल में फैटी लिवर की बीमारी तब होती है, जब लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट यानी कि वसा जमा हो जाती है। जिससे लिवर की कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। लिवर हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में अहम भूमिका निभाता है। खून की सफाई, पाचन में सहायता, ऊर्जा का संग्रह और स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक विटामिन, मिनरल्स और महत्वपूर्ण प्रोटींस का प्रोड्क्शन और संचयन करता है। ऐसे में इंसानी शरीर का फिल्टर प्लांट कहे जाने वाले लिवर की हेल्थ बिगड़ना बहुत-सी दूसरी व्याधियों की भी जड़ बन जाता है।

न बरतें लापरवाहीः गांवों से लेकर महानगरों तक, कम उम्र में ही लोग फैटी लिवर की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह खान-पान की बुरी आदतें ही हैं। आमतौर पर फैटी लिवर रोग को दो तरीके का होता है। अल्कोहलिक फैटी लिवर बीमारी अत्यधिक शराब के सेवन के कारण होती है। वहीं गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या शराब के सेवन से संबंधित नहीं है। इसीलिए फैटी लिवर के लक्षणों को जीवनशैली से गहराई से जोड़कर देखा जाता है। इसके लक्षण न केवल बहुत धीरे-धीरे दिखते हैं बल्कि स्पष्ट रूप से समझना भी कठिन होता है। यही वजह है कि लाइफस्टाइल स्कैन से जोड़कर फैटी लिवर के सिंपटम्स को सही ढंग से समझना और समय पर चिकित्सा सहायता लेना आवश्यक है। इस सायलेंट हेल्थ समस्या का समय रहते उपचार न किया जाए तो फाइब्रोसिस और सिरोसिस की समस्या भी हो सकती है। लिवर क्षतिग्रस्त होने पर अतिरिक्त स्कार टिशू बनने की स्थिति फाइब्रोसिस कहलाती है। इसमें लिवर में सूजन आ जाती है। जो कि लिवर में रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा बनती है। वहीं सिरोसिस की गंभीर और धीरे-धीरे बढ़ने वाली तकलीफ में स्वस्थ लिवर टिशू खराब हो जाते हैं। उनकी जगह कठोर स्कार टिशू बनने लगते हैं।

प्रमुख लक्षणः पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में असहजता बने रहने, अधिक थकान महसूस करने, बिना कारण वजन बढ़ने, भूख में कमी आने, स्किन का पीलापन और ब्रेनफॉग जैसे लक्षणों को ध्यान दिया जाना चाहिए। आरंभिक चरण में लाइफस्टाइल सुधार से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

बच्चे भी हो रहे प्रभावितः खान-पान की अस्वस्थ आदतों और निष्क्रिय जीवनशैली के घेरे में अब बच्चे भी आ गए हैं। जिसके चलते बच्चे बड़ी संख्या में फैटी लिवर की चपेट में आ रहे हैं। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) की स्टडी कहती है कि हमारे देश में लगभग 35.4 प्रतिशत बच्चे फैटी लिवर के रोग से पीड़ित हैं। बड़ों की बीमारी अब नई पीढ़ी में भी तेजी से पैर पसार रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक मोटे बच्चों में फैटी लिवर का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक है। गुरुग्राम में किए गए एक हालिया अध्ययन में सामने आया है कि 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों में फैटी लिवर रोग के मामलों तेजी से बढ़े हैं। शहरी इलाकों में सामान्य वजन वाले बच्चों में भी साइलेंट बर्डन के रूप में यह बीमारी पाई जा रही है। बदलते खान-पान के कारण सिर्फ शहरों तक सीमित रहने वाली फैटी लिवर की समस्या गांवों में देखने को मिल रही है। जंक फूड की पहुंच और सुविधाजनक एवं निष्क्रिय जीवनशैली के चलते ग्रामीण इलाकों के बच्चों में भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चिंतनीय है कि भारत में रुरल और अर्बन दोनों को मिलाकर औसत राष्ट्रीय प्रसार दर लगभग 35.4 प्रतिशत है। यह आंकड़ा ग्लोबल एवरेज से लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में मुख्य रूप से लाइस्टाइल से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए पैरेंट्स का सजग रहना आवश्यक हो गया है। *



बच्चों में फैटी लिवर के कारण

बच्चों में असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों से दूरी गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या बढ़ाती है। जिसका सीधा-सा अर्थ है कि बालपन को घेरते इस हेल्थ इश्यू का मुख्य कारण बदली हुई जीवनशैली ही है। एक ओर फल-सब्जियां खाने से दूरी बढ़ी है, दूसरी ओर प्रोसेस्ड-जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, मीठे पेय पदार्थों के सेवन की आदतों ने जड़ें जमा ली हैं। बहुत से बच्चे कुकीज, बिस्कुट, कैंडी, सोडा ड्रिंक, पैकेज्ड जूस और चॉकलेट जैसे फूड प्रोडक्ट्स के एडिक्ट हो गए हैं। स्मार्ट स्क्रीन में झांकते हुए वक्त बिता रहे बच्चों का मैदानों में खेलना छूट गया है। चाइल्ड ओबेसिटी आज बड़ी चिंता बन गई है। इसीलिए बच्चों को हमारी परंपरागत भोजनशैली से जोड़ना जरूरी है। आउटडोर स्पोर्ट्स और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। मौजूदा दौर में जीवन के पहले ही पड़ाव ही खाने-पीने की सजगता और फिजिकल सक्रियता सबसे अहम हैं। साथ ही स्नैक अटैक और स्क्रीन स्क्रॉलिंग से बचना भी आवश्यक है। बड़ों में भी अस्वस्थ भोजनशैली, एल्कोहल का सेवन और शारीरिक निष्क्रियता ही इस रोग के मुख्य कारण हैं। स्वस्थ-सधी जीवनशैली से हर उम्र के लोग इस रोग से बच सकते हैं।



यूपी में भाजपा ने जीतीं 6 सीट लेकिन वाराणसी में सपा का परचम

चार राज्यों की 28 सीटों पर हुए थे द्विवार्षिक चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार राज्यों में विधान परिषद की 28 सीट पर हुए द्विवार्षिक चुनावों के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसमें कर्नाटक में कांग्रेस को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली, जबकि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 6 और समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन सीट जीतीं। मतगणना मंगलवार को शुरू हुई थी और कुछ सीट पर बुधवार को भी जारी थी। उत्तर प्रदेश में शिक्षकों के छह और स्नातकों के पांच निर्वाचन क्षेत्रों, बिहार में चार-चार, कर्नाटक में दो-दो तथा महाराष्ट्र में स्नातकों के तीन और शिक्षकों के दो निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान हुआ था।

उत्तर प्रदेश में भाजपा के मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरुजी) ने आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की। पार्टी ने बरेली-मुरादाबाद शिक्षक सीट भी बरकरार रखी। भाजपा उम्मीदवार हरि सिंह ढिल्लों ने सपा के दानिश अख्तर को 17,676 वोट से हराया। भाजपा ने लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र भी जीत लिया, जहां उसके उम्मीदवार उमेश द्विवेदी ने सपा के सुशील कुमार को 6,992 वोटों से हराया। मेरठ में भाजपा ने शिक्षक और स्नातक, दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में जीत दर्ज की। हालांकि वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के लाल बिहारी यादव ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के मान सिंह यादव को इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी घोषित किया गया।

काशी की सीट पर समाजवादी पार्टी जीती

आगरा-अलीगढ़ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सपा उम्मीदवार आकाश अग्रवाल ने भाजपा के हरि किशोर तिवारी को हराया। लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में भी सपा के उम्मीदवार आगे थे। गोरखपुर-फैजाबाद मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना के अंतिम दौर के बाद भाजपा के ध्रुव कुमार त्रिपाठी अपने प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय उम्मीदवार राजीव यादव से 466 वोटों से आगे थे।



कर्नाटक में लगा कांग्रेस को बड़ा झटका

कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा और पार्टी चारों सीट हार गई। विपक्षी जनता दल (सेक्युलर) ने सत्तारूढ़ कांग्रेस से एक सीट छीन ली, जबकि उसकी सहयोगी भाजपा ने तीन सीट बरकरार रखीं। जनता दल (सेक्युलर) ने बेंगलुरु शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस से जीत लिया। भाजपा ने उत्तर-पूर्व शिक्षक, दक्षिण-पूर्व स्नातक और पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों को हराया। हालांकि, इन नतीजों से कांग्रेस सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इसे भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) के बीच विपक्षी एकजुटता के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। इसे इस गठबंधन की नैतिक जीत भी माना जा रहा है।

महाराष्ट्र, बिहार में यह रहा हाल

इन चुनावों में केवल स्नातक और शिक्षक मतदाता ही मतदान करने के पात्र होते हैं। मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बजाय मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाता है। समाचार लिखे जाने तक मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन तीन सीट पर आगे था, जबकि विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) दो सीट पर आगे थी। बिहार में जन सुराज पार्टी ने अपना खाता खोला। वहां भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने एक-एक सीट जीती।

दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

जिनका नाम पहले से दर्ज उनसे फॉर्म 6 क्यों भरवाया जा रहा है?

दिल्ली एसआईआर पर सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को दो टूक कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 तय प्रारूप हैं, जिनमें चुनाव आयोग कोई बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जो लोग पहले से ही मतदाता सूची में शामिल हैं, उनसे अपना नाम फिर से दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 क्यों भरवाया जा रहा है? जबकि फॉर्म 6 नए मतदाताओं के लिए होता है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से कई अहम सवाल किए। कोर्ट ने पूछा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर करीब 43 लाख मतदाताओं में जिनके नाम 'शिफ्टेड या अनुपस्थित' श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए होता है, जबकि ये लोग पहले से ही वोटर लिस्ट में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं किया जा सकता है। बता दें, दिल्ली में एसआईआर से पहले करीब 1.45 करोड़ मतदाता थे। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 97.53 लाख नाम शामिल किए गए। इस तरह लगभग 47.57 लाख नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर रहे।

कहा- चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7, 8 में बदलाव नहीं कर सकता



फॉर्म 6 पर यह है विवाद

फॉर्म 6 का विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने 'इंडियन एक्सप्रेस' ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। फार्म-6 को लेकर विपक्ष का मुख्य आरोप है कि चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के फॉर्म में एसआईआर से जुड़ी अतिरिक्त घोषणा जोड़कर नियमों का उल्लंघन किया और पहली बार वोटर बनने वालों के लिए अनावश्यक बाधा खड़ी की।

जब चुनाव नहीं तो डेडलाइन क्यों?

इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। जजों ने यह भी सवाल किया कि जब निकट भविष्य में राजधानी में कोई चुनाव नहीं होने वाला है, तो चुनाव आयोग 30 अक्टूबर की समय-सीमा (डेडलाइन) तय करने पर क्यों जोर दे रहा है? पीठ ने कहा, 'नामों को फिर से दर्ज कराने के लिए कोई अंतिम तारीख (कट-ऑफ डेट) तय न करें।' जजों ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह उन मतदाताओं के लिए कोई आसान समाधान निकाले, जो किन्हीं कारणों से अपना राजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा नहीं कर पाए थे। पीठ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति, जिसका नाम पहले मतदाता सूची में था, अब उसमें नहीं है, तो उसे नए मतदाता मानने के बजाय उसकी स्थिति के हिसाब से कोई समाधान निकाला जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि चुनाव आयोग को केवल इस बात का इंतजार नहीं करना चाहिए कि मतदाता खुद आवेदन जमा करें।

अवमानना मामला



राउत को 17 को पेश होने का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत को निर्देश दिया कि वह भारत के प्रधान न्यायाधीश और न्यायपालिका के संबंध में की गई टिप्पणियों को लेकर जारी अवमानना की कार्यवाही के सिलसिले में 17 नवंबर को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हों। राउत ने अपने एक ट्वीट में अल्बानिया में सुप्रीम कोर्ट जलाए जाने की घटना का हवाला देते हुए कहा कि भारत में भी ऐसे हालात हो सकते हैं।

यूएई के राष्ट्रपति ने कैप्टन स्मित को लगाया गले

मच्छार को दिया सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायेद'

एजेंसी ▶▶| दुबई

आसमान में मौत को मात देकर सैकड़ों बेकसूर जिंदगियां बचाने वाले फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार को दुबई के प्रतिष्ठित सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय, फर्स्ट क्लास से बुधवार को सम्मानित किया गया है। समारोह में जब घायल हाथ में ब्रेस पहने कैप्टन स्मित अपने क्रू के साथ पहुंचे तो हर आंख इस असली हीरो के जुनून और समर्पण को देखकर गर्व और सम्मान से भर गई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने तो कैप्टन मच्छार को गले से लगा लिया। इस मौके पर दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और दोनों अमीरात के शाही परिवारों के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर फ्लाईदुबई के कैप्टन के साथ साथ क्रू मेंबर्स को सम्मानित किया।

आसमान में बचाई थी 174 यात्रियों और क्रू की जिंदगी



यह कहा दुबई किंग ने

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद ने क्रू सदस्यों को पदक सौंपते हुए कहा कि संकट के समय उनका साहस, जिम्मेदारी का अहसास और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता यूएई के विमानन क्षेत्र के उच्चतम मानकों को दर्शाती है।

30 सितंबर की वह घटना

30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान के दौरान ओमान के को-पायलट ने ज्यादा से ज्यादा जिंदगियां तबाह करने के इरादे से कॉकपिट में अचानक हमला कर दिया था। इस भयानक और खौफनाक स्थिति में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार ने खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अदम्य साहस और बेमिसाल सूझबूझ का परिचय दिया। दर्द से तड़पते हुए भी उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया जिससे क्रू मेंबर्स और यात्रियों ने तेजी से नीचे गिरते विमान में हमलावर को-पायलट को काबू में कर लिया। इसके बाद यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने 9 अक्टूबर को एक बयान में बताया था कि इस घटना के आरोपी ओमानी सह-पायलट का इरादा ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाना था।

नहीं दी जगह, अब खड़गे के यहां होगा 'जन महाभियोग' कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा वह 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आधिकारिक आवास पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 'जन महाभियोग' आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अन्य स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के बाद 'इंडिया जनबंधन' 30 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे खड़गे के आवास '10, राजाजी मार्ग' पर ज्ञानेश कुमार का 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा। उन्होंने कहा दिल्ली रैली के पहले कई तरह से अड़ंगे लगाए जा रहे हैं।

कांग्रेस ने कहा- दिल्ली रैली के पहले लगाए जा रहे अड़ंगे


यहां नहीं मिली अनुमति या बुकिंग



'इंडिया' गठबंधन ने कार्यक्रम के लिए तालकटोरा स्टेडियम, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, मावलंकर हॉल, डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र और अशोक होटल समेत कई स्थानों पर आयोजन की संभावना तलाशी थी, लेकिन उसे अनुमति या बुकिंग नहीं मिल सकी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों ने की न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़

सीनियर वकील के अपमान से भड़के



प्रयागराज (उप्र)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया और वहां रखी मेज-कुर्सियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया। उच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से संज्ञान लेते हुए घटना में शामिल वकीलों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध जताया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी की। वकीलों के एक समूह ने कथित तौर पर अदालत कक्ष में रखी मेज-कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया। उच्च न्यायालय ने कहा कि वकीलों की पहचान होने के बाद उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के लिए मामला उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को भेजा जा सकता है

यह है मामला

यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग किये जाने के एक दिन बाद हुआ है। बार एसोसिएशन ने महापंजीयक के माध्यम से भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर को अदालत की कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता को अपमानित किया और वरिष्ठ अधिवक्ता वी. पी. श्रीवास्तव का उपहास किया। पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है।

केरलम : आतंकी साजिश थी यहूदी प्रार्थनास्थल के पास हुई आगजनी

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरलम के कोच्चि में ऐतिहासिक यहूदी सिनागॉग (प्रार्थनास्थल) के सामने 12 अक्टूबर को हुई आगजनी को पुलिस ने बड़े आतंकी साजिश का हिस्सा बताया है। पुलिस के मुताबिक, 32 साल के आरोपी एबिन पॉल ने यह आग लगाई थी। कोच्चि के पुलिस कमिश्नर कलिराज महेश कुमार ने कहा कि 12 अक्टूबर की सुबह किया गया हमला एक टेस्ट केस था। आरोपी को पहले कोच्चि में खुद को साबित करने के लिए कहा गया था। इसी के चलते पॉल ने पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद अपने मोबाइल पर घटना का वीडियो भी बनाया था। इसके बाद उसे अन्य राज्यों में बड़े हमलों की जिम्मेदारी देने की योजना थी। कमिश्नर के मुताबिक, इसमें एक से ज्यादा लोग शामिल थे। एक हैंडलर ने पॉल को खास काम दिए थे, और उसे क्रिप्टोकरेंसी के जरिए पैसे भेजे गए थे। पुलिस का कहना है कि उसने पहले भी एर्नाकुलम जिले के मुवत्तुपुझा में इसी तरह की आगजनी की थी। कमिश्नर कुमार ने आगे बताया कि आरोपी को एक हैंडलर निर्देश दे रहा था और उसे क्रिप्टोकरेंसी के जरिए भुगतान किया जाता था।



बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेल: recovery.bilaspur@bankofbaroda.com

विक्रय सूचना (बंधक रखी गई सोने की वस्तुओं की नीलामी)

निम्नलिखित व्यक्ति / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया नोटिस उन्हे प्राप्त हो चुका है (अथवा) बैंक को पावती दिए बिना ही वापस कर दिया गया है। अतः उनसे अनुरोध है कि वे 10-11-2026 तक देनदारी और अन्य शुल्क चुका दें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को मुक्त करा लें। ऐसा न करने पर, उक्त प्रतिभूतियों को "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बैंक द्वारा ऑनलाइन नीलामी https://baanknet.com के माध्यम से उधारकर्ता की लागत पर या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, वसूली के लिए बेच दिया जाएगा। शाखा / उधारकर्ता / भार / प्रतिभूत संपत्तियों का विवरण निम्न है:


क्र. सं.	शाखा का नाम / मोबाईल नंबर	उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम	उधारकर्ता का खाता संख्या	कैरेट	सकल वजन (ग्राम में)	शुद्ध वजन (ग्राम में)	बकाया राशि
01	3640 - अकलतरा शाखा मेन रोड, वार्ड नं. 15, शिवरीनारायण रोड, अकलतरा जिला- जांजगीर चांपा, छ.ग.- 495552	श्री मनाराम कैवर्ती पिता श्री फग्गू राम कैवर्ती वार्ड नं.- 9, गांधी चौरा बनाहिल पकरिया, जांजगीर चांपा अकलतरा, छत्तीसगढ़ - 495553	36400600002475	20	34.42	30.50	रु. 3,45,000.00 / 34,500.00 + ब्याज + अन्य प्रभार

ई-नीलामी की तिथि और समय 10.12.2026 अपराह्न 02.00 बजे से सायं 06:00 बजे तक भारतीय मानक समय के अनुसार। संपत्ति निरीक्षण तिथि और समय 03.12.2026, दोपहर 01:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बिक्री के नियमों और शर्तों के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com पर देखें।

दिनांक: 29.10.2026, स्थान: बिलासपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

एमपी से राज्यसभा जाएंगे मंत्री पुरी, 12 को मतदान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी है। इस उपचुनाव के जरिए मध्य प्रदेश से राज्यसभा की एक खाली सीट भरी जाएगी। हरदीप सिंह पुरी फिलहाल केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बीजेपी की ओर से उनके नाम का ऐलान ऐसे समय हुआ है, जब मध्य प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव की तैयारी चल रही है। राज्यसभा की इस सीट पर उपचुनाव का नतीजा मध्य प्रदेश विधानसभा में दलों की संख्या और विधायकों के वोट के आधार पर तय होगा।



शासकीय कर्मचारियों सहित अपात्र हितग्राहियों से की जा रही रिकवरी, डेढ़ साल में 6.72 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

घरेलू महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना में अनियमितता उजागर होने के बाद इस योजना का लाभ लेने वाले शासकीय कर्मचारियों सहित अपात्र हितग्राहियों से लाभ की राशि वसूल की जा रही है। रायपुर जिले में ऐसे दो हजार से अधिक हितग्राहियों के नाम सामने आए थे, जिनकी आईडी होल्ड करते हुए जांच के दायरे में लिया गया था, लेकिन जांच के बाद सिर्फ 351 हितग्राही अपात्र पाए गए थे, जिनसे लगभग 12 लाख रुपए की वसूली होनी है। इसमें से अभी तक 189 अपात्र हितग्राहियों से कुल 6.72 लाख रुपए की वसूली हुई है, वहीं अभी भी 162 अपात्र हितग्राहियों से 4.75 लाख रुपए वसूली होनी बाकी है। विभागीय अधिकारी के अनुसार वसूली की कार्रवाई जारी है। लगभग डेढ़ साल पूर्व महतारी वंदन योजना में बरती गई अनियमितता उजागर हुई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया था कि रायपुर जिले में 128 शासकीय सेवक व उनके रिश्तेदार भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इनमें सेवा दे रही 42 महिलाओं के साथ 78 शासकीय पुरुषों की पत्नी एवं 6 बेटी शामिल हैं। इसके अलावा 2 पेंशनधारी महिलाएं भी हैं, जो रिटायरमेंट के बाद इस योजना का लाभ ले रही थीं। इन सभी की आईडी ब्लॉक करते हुए उनसे लाभ की राशि वसूली गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के आंकड़ों के अनुसार अपात्र हितग्राहियों में इंकम टैक्सधारी 29, 21 वर्ष से कम आयु के 5, अविवाहित 11, पुरुष हितग्राही 7 तथा राज्य से बाहर रहने वाले 4 महिलाओं के नाम भी थे। इन सभी ने भी कई महीनों तक योजना का लाभ उठाया है, जिनसे रिकवरी की जानी है। इस योजना का लाभ लेने वाली पात्र महिलाओं में बहुतों की मृत्यु होने के बाद भी उनके खातों में यह राशि ट्रांसफर हो रही थी। जांच में ऐसी 1970 हितग्राहियों के नाम सामने आए थे। इन सभी की आईडी को होल्ड कर भौतिक सत्यापन किया गया, लेकिन इसमें कितनी महिलाएं जीवित एवं कितनी मृत मिलीं, इसका आंकड़ा अभी तक सार्वजनिक नहीं हुआ है। आंकड़ों के अनुसार प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में जिले में 1823 हितग्राहियों की डुप्लीकेट एंट्री पाई गई थी, वहीं 29 हितग्राहियों के दस्तावेजों में कमी मिली थी। इसके अलावा 45 हितग्राहियों ने योजना को त्यागा था। इस तरह इन सभी हितग्राहियों की आईडी को भी होल्ड किया गया था। विभागीय अधिकारी के अनुसार ये सभी की आईडी अभी तक होल्ड है।

जिलेभर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत लगभग 5.35 लाख हितग्राही पंजीकृत हैं। इन सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। महंगाई के इस दौर में योजना की यह राशि महिलाओं को काफी राहत पहुंचा रही है। विभागीय अधिकारी के अनुसार अपात्र हितग्राहियों में बहुतों का मोबाइल नंबर बंद बता रहा है।

धान पर गरमाई सियासत, सरकार ने कहा- प्रति क्विंटल 3100 देंगे, कांग्रेस बोली-3358 रुपए दो

रायपुर। धान खरीदी की नीति जारी होने के साथ ही राज्य में सियासत गरमा गई है। धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। सरकार किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदेगी।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

-:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::-

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक / 708 / निर्वा./नामा./2026
जांजगीर, दिनांक 26/10/2026

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2027 के परिप्रेक्ष्य में जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 33-अकलतरा, 34-जांजगीर-चांपा, एवं 38-पामगढ़ (अ.जा.) अंतर्गत कुल 836 मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त/फोटोरहित निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) यथा मदर रोल एवं आयोग के निर्देशानुसार अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य किये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य फर्मों से निविदा शर्तों के अधीन जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा (बिड) Bid Number:-GEM/2026/B/8192765 दिनांक 23.10.2026 आमंत्रित किया गया था, उक्त आमंत्रित बिड को तकनीकी कारणों से निरस्त करते हुये ऑफलाईन माध्यम द्वारा खुली निविदा पद्धति के माध्यम से पंजीकृत डाक द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन) जांजगीर-चांपा के लेखा शाखा से 500.00 (पांच सौ रूपये मात्र) नगद राशि जमा कर अथवा चालान द्वारा शुल्क जमा कर दिनांक 04.11.2026 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। अंतिम तिथि तक प्राप्त निविदा को निविदा/क्रय समिति के सदस्यों के द्वारा खोला जावेगा।

निविदा बिक्री की प्रारंभिक तिथि 26.10.2026 से
निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 04.11.2026 समय 02:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.11.2026 समय 03:00 बजे अपरान्ह
निविदा खोलने की तिथि 04.11.2026 समय 04:00 बजे अपरान्ह
स्थान :- जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जी. 262704255/1

DISTRICT ADMINISTRATION, BIJAPUR | GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
OFFICE OF THE DISTRICT EDUCATION, BIJAPUR
GOVERNMENT OF CHHATTISGARH

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)
FOR SELECTION OF AN IMPLEMENTING AGENCY
CUET-UG HIGHER EDUCATION ACCESS AND CAREER CAPABILITY PROGRAMME

For Class 12 Students of Government Schools in Bijapur District

Particular	Details
Programme	CUET-UG Higher Education Access and Career Capability Programme
Location	Bijapur District, Chhattisgarh
Programme Duration	One academic year / CUET-UG 2027 cycle
Target Beneficiaries	Up to 300 Class 12 students
Streams	Science, Commerce and Humanities
Mode of Delivery	Physical classroom instruction with online/digital support
Indicative Programme Cost	₹ 5,000 per student
Maximum Programme Value	₹ 15,00,000 for up to 300 students
Tender Notice no & Date	2396/06-10-2026
Date of Issue	06.10.2026-10.00 am
Last Date for Submission	05.11.2026-5.00 pm
Mode of submission	Online
Email / website (for submission)	deo.bijapur02@gmail.com
Detailed Advertisment on	www.bijapur.gov.in

District Education Officer
District Bijapur

G. 262704233/1

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 26.10.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	सिस्टम आई डी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1.	25/CE/NH/TC/44-16/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931569_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 27 TO = 28 2.00 KM. OF BHEJJI-CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 149.40 Lakhs
2.	26/CE/NH/TC/44-17/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931571_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 35 TO 36 = 2.00 KM. (+) ADDITIONAL LENGTH 3.00 KM. TOTAL 5.00 KM OF BHEJJI-CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 687.94 Lacs
3.	27/CE/NH/TC/44-18/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931573_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 39 TO 40 = 2.00KM. OF BHEJJI-CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 209.21 Lacs
4.	28/CE/NH/TC/44-19/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931574_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 41 TO 42 = 2 KM. OF BHEJJI-CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT. C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 121.61 Lacs
5.	29/CE/NH/TC/44-20/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931575_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 45 TO 46 = 2.00 KM. OF BHEJJI-CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 133.22 Lacs
6.	30/CE/NH/TC/44-21/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931578_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 47 TO 48/8 = 1.80KM. OF BHEJJI-= CHINTAGUPHA ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SPECIAL PROJECT (BALANCE WORK).	Rs. 122.67 Lacs
7.	31/CE/NH/TC/44-22/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931579_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 03 TO 05 = 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 234.04 Lacs
8.	32/CE/NH/TC/44-23/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931580_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 06 TO 08 = 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 278.04 Lacs
9.	33/CE/NH/TC/44-24/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931581_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 12 TO 14= 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 188.49 Lacs
10.	34/CE/NH/TC/44-25/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931582_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 21 TO 22= 2.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 294.11 Lacs
11.	35/CE/NH/TC/44-26/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931583_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 23 TO 24= 2.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 137.67 Lacs
12.	36/CE/NH/TC/44-27/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931584_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 25 TO 26 = 2.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 157.54 Lacs
13.	37/CE/NH/TC/44-28/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931585_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 42 TO 44= 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 301.43 Lacs
14.	38/CE/NH/TC/44-29/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931586_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 51.00 TO 53.00= 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 269.31 Lacs
15.	39/CE/NH/TC/44-30/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931587_1	CONSTRUCTION OF 2 LANE ROAD FROM KM. 54.00 TO 56.00= 3.00 KM. OF CHINTALNAR TO MARIAGUDEM ROAD IN SUKMA DISTT.C.G. UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 169.65 Lacs
16.	40/CE/NH/TC/44-31/2026 (1st Call) LWE	2026_MoRTH_931589_1	CONSRTUCTION OF 2 LANE FROM KM. 7.00 TO 9.00 = 3.00 KM OF KONTA TO GOLAPALLI ROAD UNDER L.W.E. SCHEME (BALANCE WORK).	Rs. 241.50 Lacs

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 16.11.2026 शाम 17.30 बजे तक है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

जी. 262704236/5

कार्यालय कलेक्टर, नारायणपुर (छ.ग.)
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

ई-प्रोक्योरमेंट (ऑनलाइन पद्धति) संक्षिप्त द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक : 3153 / निर्माण/आ.वि./2026 नारायणपुर, दिनांक : 26.10.2026

संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत विभागीय छात्रावास / आश्रम/विशेष संस्था में स्नानागार सह शौचालय (Bathroom-cum-Toilet) निर्माण कार्य हेतु, ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

01. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा प्रकाशन - 26-10-2026, संध्या 7:30 बजे से
02. ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 10-11-2026, संध्या 05:00 बजे तक
03. मूल/ऑफलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13-11-2026, संध्या 05:30 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 16-11-2026, अपराह्न 12:00 बजे से

क्र. सं.	ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर जनरेटेड निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹ लाख में)	अमानत राशि (₹ में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (अवापसी योग्य /Non-refundable)	कार्य पूर्ण करने हेतु निर्धारित समयावधि	सक्षम श्रेणी
01	202647	जोन क्रमांक 01 नारायणपुर	₹21.12	₹15,840.00	₹ 1,000.00	05 माह	'डी' एवं उच्च श्रेणी
02	202664	जोन क्रमांक 02 बेनूर	₹42.24	₹31,680.00	₹ 1,000.00	05 माह	'डी' एवं उच्च श्रेणी
03	202668	जोन क्रमांक 03 छोटेडोंगर	₹42.24	₹31,680.00	₹ 1,000.00	05 माह	'डी' एवं उच्च श्रेणी
04	202670	जोन क्रमांक 04 ओरछा	₹42.24	₹31,680.00	₹ 1,000.00	05 माह	'डी' एवं उच्च श्रेणी
05	202680	जोन क्रमांक 05-कोहकामेटा	₹10.56	₹7,920.00	₹ 1,000.00	05 माह	'डी' एवं उच्च श्रेणी

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं जिले के वेबसाईट https://narayanpur.gov.in/ में देखे जा सकते है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास नारायणपुर

जी. 262704251/2

CAVEAT NOTICE
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BILASPUR (CHHATTISGARH)

CAVEATOR/PROPOSED RESPONDENT	State of Chhattisgarh Through the Chief Engineer. Public Works Department National Highway Circle, Persion Bada, Raipur, District Raipur (C.G.)
	VERSUS
NON-CAVEATOR/ PROPOSED PETITIONERS	1. Harmeet Singh Saluja S/o Shri Amrik Singh Saluja Aged about 35 years, R/o Punjabi Para, Bemetara, District Bemetara (CG) 2. Guljeet Kaur Saluja W/o Shri Labh Singh Saluja, Aged about 35 years, R/o Ward No. 07, New Ward No. 08, Raipur Road Bemetara, District Bemetara (CG) 3. Balmeet Singh Saluja S/o Shri Malak Singh Saluja, Aged about 34 years, R/o Ward No. 07, New Ward No. 08, Raipur Road Bemetara, District Bemetara (CG)

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 R/W RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES

That, the Caveator/State above named most humbly & respectfully begs to submit as under:

1. That the Caveator is the State of Chhattisgarh, represented through the Chief Engineer, Public Works Department, National Highway Circle, Pension Bada, Raipur, District Raipur (C.G.), and is directly and substantially concerned with the subject matter of the present Caveat. The present Caveat is being lodged on account of a reasonable and bona fide apprehension that the Non-Caveators, namely Shri Harjeet Singh Saluja and 02 Others, in connection with the proceedings relating to WPC No. 4480 of 2026, may institute a fresh writ petition or other appropriate proceeding before this Hon'ble Court and may seek interim, ad-interim, stay or other protective orders concerning the land acquisition proceedings and determination/payment of compensation in relation to the construction of the Bemetara Bypass on National Highway No. 30 (formerly National Highway No. 12), particularly in respect of land situated at Village Bemetara, bearing Khasra No. 1360. Such proceedings and orders may directly affect the administrative functions, statutory obligations and implementation of the National Highway project undertaken by the competent authorities.
2. That the subject matter relates to the acquisition of land and disbursement of land acquisition compensation in connection with the construction of the Bemetara Bypass on National Highway No. 30 (formerly National Highway No. 12), at Village Bemetara, District Bemetara, Chhattisgarh, particularly concerning the land bearing Khasra No. 1360. The matter has been the subject of proceedings before this Hon'ble Court in WPC No. 4480 of 2026, titled Harjeet Singh Saluja and another v. Union of India and others. By order dated 03.09.2026, this Hon'ble Court directed the competent authority to examine the matter and take an appropriate decision/order within a period of 60 days. The said direction requires consideration and determination of the matter by the competent authority in accordance with law. A copy of the relevant order dated 03.09.2026, as available, is proposed to be filed and annexed herewith as **ANNEXURE C-1**.
3. That, pursuant to the aforesaid order passed by this Hon'ble Court, decision by the competent authority has already been taken in accordance with law after minute examination of the relevant land acquisition records and the material available vide order dated 26/10/2026. A copy of the said order dated 26/10/2026 passed by the Sub Divisional Officer (Revenue) (Competent Authority for Land Acquisition - CALA), is annexed herewith as **ANNEXURE C-2**.
4. That it has been specifically brought to the notice of the department that, in the event the decision taken by the competent authority is not acceptable to the petitioners, they may approach this Hon'ble Court again by way of a fresh writ petition or an appropriate application and may seek interim or ad-interim relief. In such circumstances, there exists a reasonable apprehension that an order of stay, status quo or other interim protection may be sought without affording an effective opportunity of hearing to the State and the concerned departmental authorities. Any such order may have a direct bearing upon the land acquisition proceedings, determination and disbursement of compensation, and the progress and implementation of the National Highway project.
5. That the Caveator respectfully submits that the subject matter involves public infrastructure development and the discharge of statutory and administrative functions by the competent authorities in relation to the construction of National Highway No. 30 and the associated land acquisition proceedings. The competent authorities are required to act in accordance with the directions of this Hon'ble Court and the applicable law. Any interim order passed without hearing the Caveator may prejudice the lawful exercise of administrative powers, impede the process of decision-making pursuant to the order dated 03.09.2026 and cause avoidable disruption in the implementation of the project. The Caveator, therefore, seeks an opportunity to place the relevant records, factual position and applicable legal provisions before this Hon'ble Court before any interim or other protective order is passed in any proceeding concerning the aforesaid subject matter.
6. That the present Caveat is being filed bona fide under Section 148-A of the Code of Civil Procedure, 1908, read with Rule 142 of the High Court of Chhattisgarh Rules, with the specific object of ensuring that no order of stay, interim relief, ad-interim relief, status quo or any other order affecting the rights and interests of the Caveator and the land acquisition proceedings concerning the Bemetara Bypass on National Highway No. 30 is passed without prior notice to and an opportunity of hearing being afforded to the Caveator. The Caveator undertakes to appear before this Hon'ble Court and place the relevant records and response in any proceeding instituted by the Non-Caveators concerning the aforesaid subject matter. Notice of the present Caveat shall be served upon the proposed Petitioners/Non-Caveators at their available and ascertainable addresses in accordance with Section 148-A of the Code of Civil Procedure, 1908, and the applicable Rules of this Hon'ble Court. Copy of the postal receipt is annexed herewith as **ANNEXURE C-3**.

That the address for service/notice upon the Caveator in relation to the present Caveat and any proceeding which may be instituted by the proposed Petitioner is as under:-

"The Advocate General, Office of the Advocate General,
High Court of Chhattisgarh, Bodri, Bilaspur (C.G.)"

That an affidavit in support of this Caveat Application is being filed herewith.

PRAYER

It is, therefore, most humbly prayed that no order whatsoever, whether interim, ad-interim, stay or status quo, be passed in respect of the aforesaid subject matter without affording an opportunity of being heard to the Caveator.

Bilaspur: OFFICER IN CHARGE OF THE CASE
Date: /10/2026.

(PRAVEEN DAS)
ADDL. ADVOCATE GENERAL/
COUNSEL FOR THE CAVEATOR/STATE

कार्यपालन अभियंता,
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, लो.नि.वि., रायपुर (छ.ग.)

G-262704258/1

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

जनजाति गौरव दिवस की टीम में रामविचार, केदार राधेश्याम समन्वयक

रायपुर। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तर पर समन्वयक, संयोजक एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय ने बताया, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु समन्वयक बनाया गया है। बस्तर सांसद महेश कश्यप को कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम को सह-संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही विधायक लता उसेंडी, प्रणव मरपच्ची, रूपसिंह मंडावी, देवेन्द्र माहला एवं विजय जगत को जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है।

शब्द पहेली - 6392



बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6391 का हल

आ	ला	क	मा	न			क	मी	ज
रा	त		न		श	य	थ		मा
म			थ	नि	क		न		लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह
	सा	ल		ल		न		सू	र
	हि		ज	गा	व	त		र	
ज	ल	न		म			अ	भि	मा
ग			चु		रा	ज	न		का
त	र		ना	ह	क		ब		चा
	व	हा	व			म	न	मो	ह

सूडोकु नवताल - 6402

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6401 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

मस्क ने दी चेतावनी-सैकड़ों एआई कंपनियां हो सकती है बंद, फूटेगा गुब्बारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा सवाल घूम रहा है। क्या एआई का गुब्बारा फूटने वाला है या फिर इसमें

- एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं

से सिर्फ अतिरिक्त हवा निकल रही है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क की एक हालिया चेतावनी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है।

मस्क ने कहा है कि एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं। उनकी इस बात ने उस बाजार में नया दबाव बना दिया है, जो पहले से ही गिरते बांड दाम के साथ कर्ज से बने डेटा सेंटर्स को लेकर परेशान है। मस्क का अनुमान है कि नियोक्लाउड कंपनियों में तबाही आने वाली है। हालांकि दूसरी तरफ एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

200 से ज्यादा नियोक्लाउड कंपनियां खत्म हो जाएंगी

नियोक्लाउड कंपनियों के शेयर गिरे

मस्क के इस बयान के बाद कोरवीव, नेबियस, आईआरईएन जैसी नियोक्लाउड कंपनियों के शेयर गिर गए. करीब दो हफ्ते पहले भी अमेरिकी ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से कोरवीव के साथ नेबियस के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। कोरवीव के 2032 में पूरे होने वाले बांड की कीमत प्रति डॉलर 80 सेंट से नीचे आ गई है। ये स्तर बताता है कि निवेशकों को कंपनी के कर्ज चुकाने की क्षमता पर गहरा शक है। असली समस्या ग्राहकों की कमी नहीं है। नियोक्लाउड कंपनियां भविष्य की कमाई के भरोसे भारी कर्ज लेकर महंगे जीपीयू खरीदती हैं। जब कर्ज महंगा होता है, तो मांग रहने के बाद भी इनका गणित बिगड़ जाता है।



नियोक्लाउड पर संकट : नियोक्लाउड ऐसी खास क्लाउड कंपनियां होती हैं जो ताकतवर जीपीयू से भरे डेटा सेंटर बनाती हैं या किराए पर लेती हैं। इसके बाद वे इस कंप्यूटिंग क्षमता को एआई डेवलपर्स को किराए पर देती हैं। मस्क का मानना है कि 200 से ज्यादा नियोक्लाउड कंपनियां खत्म हो जाएंगी या बड़ी कंपनियों में मिल जाएंगी। उन्होंने साफ कर दिया कि स्पेसएक्स ऐसी किसी कंपनी को नहीं खरीदेगी।

गार्टनर के आंकड़ों ने खड़े किए बड़े सवाल

रिसर्च फर्म गार्टनर का अनुमान है कि एआई कंपनियां 2026 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर खर्च करेंगी। इसके बाद 2027 से 2030 के बीच 6 ट्रिलियन डॉलर का अतिरिक्त खर्च होगा। गार्टनर के मुताबिक इस निवेश, कर्ज की लागत के साथ 12 फीसदी रिटर्न निकालने के लिए डेटा सेंटर मालिकों को 2030 तक कुल 8.5 ट्रिलियन डॉलर की कमाई करनी होगी। लेकिन इस दौरान एआई डेटा सेंटर्स से सिर्फ 3.6 ट्रिलियन डॉलर की कमाई होने का अनुमान है।

बड़ी तबाही की आहट


बाजार के जानकार एड यार्डेनी ने कहा कि एआई का गुब्बारा फूट नहीं रहा है, बल्कि उसमें से सिर्फ हवा निकल रही है। उनके मुताबिक कर्ज की सख्त शर्तें फिजूलखर्ची को रोक सकती हैं, जिससे एआई का असली विकास प्रभावित नहीं होगा। अगर कर्ज देने वाले कमजोर कंपनियों से ज्यादा ब्याज मांगेंगे, तो बिना मजबूत आधार वाले प्रोजेक्ट बंद हो जाएंगे। कम पैसे वाली कंपनियों को अपनी संपत्ति बेचनी पड़ेगी या खरीदार ढूंढने होंगे। वहीं मजबूत फंड वाली कंपनियां निवेश जारी रखेंगी।

छोटी कंपनियां हो सकती है दिवालिया

गार्टनर ने चेतावनी दी है कि 2030 के अंत तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च डूबने के खतरे में पड़ सकता है। रिपोर्ट का ये भी कहना है कि तब तक नियोक्लाउड सेक्टर की ये छोटी कंपनियां या तो दिवालिया हो जाएंगी या बिक जाएंगी। साथ ही तेजी से बेहतर होते चिप्स के कारण पुराने उपकरण अपनी लागत निकालने से पहले ही बेकार हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

एलएंडटी के शुद्ध लाभ में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी



नई दिल्ली। इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 32.5 प्रतिशत बढ़कर 5,202.10 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,926.09 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

वेदांता का दूसरी तिमाही लाभ बढ़कर हुआ दोगुना

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,650 करोड़ रुपये हो गया। इसकी वजह जिंसों की ऊंची कीमतें, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों का अनुकूल रुख और अधिक मात्रा में उत्पादन रहा।

टीवीएस का लाभ 50 फीसदी बढ़कर 1,194.51 करोड़



नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

एचयूएल का लाभ 2,796 करोड़ रुपए पर स्थिर

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 2,796 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,791 करोड़ रुपये रहा था। एचयूएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से कंपनी का राजस्व 14.77 प्रतिशत बढ़कर 18,037 करोड़ रुपये हो गया।

हुंडई मोटर के मुनाफे में 24 प्रतिशत की गिरावट



नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 24 प्रतिशत घटकर 1,196.16 करोड़ रुपये रह गया। लागत बढ़ने से कंपनी के लाभ में गिरावट आई है। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 1,572.25 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 20,696.05 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 17,460.82 करोड़ रुपये थी।

अदाणी पोर्ट्स का लाभ 18% बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,120.20 करोड़ रुपये रहा था।

एपीएसईजेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 11,609.77 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 10,004.06 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 7,252.7



करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 6,103.59 करोड़ रुपये था। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्वनी गुप्ता ने कहा, ''हम अपने 'महत्वाकांक्षा 2031' लक्ष्यों की दिशा में निवेश तेज कर रहे हैं। इसके बावजूद हमारा बही-खाता बेहद मजबूत बना है।''



19,000 करोड़ के मोबाइल पीएलआई पर सरकार को मिला 3 लाख करोड़ का जीएसटी

नई दिल्ली। सरकार ने मोबाइल फोन उद्योग को 19,000 करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देने के बदले इस क्षेत्र से कुल 3.25 लाख करोड़ रुपये कर के रूप में जुटाए हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने इस योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया और इसके बदले लाभार्थियों से 25,000 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर तथा तीन लाख करोड़ रुपये जीएसटीके रूप में प्राप्त किए। वैष्णव ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को रोजगार मिलता है।

हीरो मोटोकॉर्प की मोटर साइकिल पर 10 हजार तक के ऑफर





रायपुर। त्योहारी सीजन के बीच रवि और सोम पुष्य नक्षत्र 1 और 2 नवंबर पर दोपहिया वाहन खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए कंपनियां आकर्षक ऑफर लेकर आ रही हैं। भारतीय परंपरा में पुष्य नक्षत्र को खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है।

खास बात

- 1,999 रुपए से डाउन पेमेंट

इस मौके को भुनाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बिक्री बढ़ाने की रणनीति तेज कर दी है। कंपनी का फोकस ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों के साथ युवाओं पर भी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 10 हजार रुपए तक के त्योहारी लाभ, कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस योजनाओं को प्रमुखता दी जा रही है। कुछ योजनाओं में स्प्लेंडर और एचएफ डीलक्स जैसी लोकप्रिय मोटरसाइकिलों के लिए शुरुआती डाउन पेमेंट 1,999 रुपए से शुरू होने का दावा किया गया है। हीरो की स्प्लेंडर श्रृंखला और एचएफ डीलक्स ग्रामीण इलाकों तथा छोटे शहरों में कंपनी के प्रमुख मॉडल हैं। जबलपुर, उज्जैन, बिलासपुर और बस्तर जैसे बाजारों में इनकी मांग अहम मानी जा रही है। वहीं, इंदौर और रायपुर जैसे शहरी बाजारों में एक्सट्रीम 125आर के जरिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश है। कंपनी अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया ब्रांड वीडा ईवी की मौजूदगी भी बढ़ाना चाहती है।

छूट और फाइनेंस का विकल्प

त्योहारी योजनाओं के तहत विभिन्न डीलरशिप पर 10 हजार रुपए तक के कुल लाभ की जानकारी है। इसमें करीब 6 हजार रुपए तक की सीधी छूट और पात्र राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष कॉरपोरेट लाभ शामिल हो सकते हैं। चुनिंदा फाइनेंस योजनाओं में विशेष ब्याज दरों और बैंक कैशबैक का लाभ भी मिल सकता है। ग्राहकों को खरीदारी से पहले संबंधित डीलरशिप पर ऑफर, पात्रता और फाइनेंस की शर्तों की पुष्टि करने की सलाह दी गई है।

- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से उत्पादन प्रभावित
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 फीसदी कर दिया गया
- विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट का असर

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। खनन क्षेत्र में गिरावट और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार प्रभावित हुई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर को आठ प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में उत्पादन 11.2 प्रतिशत बढ़ा।

विनिर्माण क्षेत्र का भारांक 76 प्रतिशत

वहीं, सितंबर में खनन एवं संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में भी इस क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत घटा था। विनिर्माण क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में करीब 76 प्रतिशत भारांक है। इस क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।

उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई

हालांकि, क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने के बावजूद उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर नरमी की मुख्य वजह पिछले साल का ऊंचा आधार और खनन एवं बिजली उत्पादन में कुछ सुस्ती रही।



अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया : बनर्जी ने कहा, ''त्योहारों की बिक्री की उम्मीद में अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी दरों के युक्तिकरण से खपत को मिले शुरुआती प्रोत्साहन का असर धीरे-धीरे कम होना और पिछले साल के ऊंचे आधार ने भी सितंबर के आंकड़ों को प्रभावित किया।''

खनन क्षेत्र की वृद्धि दर घटी : इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने भी कहा कि आधार प्रभाव और खनन क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा, ''हमारा अनुमान है कि आधार प्रभाव की वजह से अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत के दायरे में रह सकती है।''

इन क्षेत्रों का रहा योगदान

एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सितंबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण, बिजली के उपकरणों का विनिर्माण तथा रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण प्रमुख योगदान देने वाले क्षेत्र रहे।

एफएमसीजी के उत्पादन में वृद्धि

उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में चार प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.4 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 12.2 प्रतिशत और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में छह प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

उत्पादन में पूंजीगत वस्तुओं का सबसे बड़ा योगदान

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में मध्यवर्ती, प्राथमिक और पूंजीगत वस्तुओं का सबसे अधिक योगदान रहा। सितंबर के आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही।

पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन सुस्त पड़ा : पीडब्ल्यूसी इंडिया के आर्थिक सलाहकार विभाग के भागीदार एवं प्रमुख रानेन बनर्जी ने इन आंकड़ों पर कहा कि खनन एवं संबद्ध क्षेत्र में गिरावट और टिकाऊ उपभोक्ता तथा पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन की रफ्तार का सुस्त पड़ना औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटने की प्रमुख वजहें हैं।

सेबी एफपीआई के अनुपालन नियमों की करेगा समीक्षा

मुंबई। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए अनुपालन संबंधी नियमों की समीक्षा करेगा और नियमों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने पर सुझाव के लिए एक परामर्श पत्र जारी करेगा।

इसके साथ, निवेशकों के संरक्षण और बाजार की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय बरकरार रखे जाएंगे। पांडेय ने स्वीकार किया कि भारत में अनुपालन संबंधी कुछ आवश्यकताएं अन्य प्रमुख देशों के मुकाबले अधिक कड़ी हैं। घरेलू बाजारों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मौजूदा नियमों की समीक्षा की जा रही है।



- वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने को उठाएगा कदम

सोना 700 रुपए चढ़कर 1.46 लाख रुपए पर, चांदी स्थिर

- चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये में गिरावट के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना रहा। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार



- सोना बढ़कर 1.46 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

वैश्विक बाजार में भी सराफा में गिरावट :

वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 14.05 डॉलर यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर 4,046.28 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 1.23 प्रतिशत टूटकर 53.75 डॉलर प्रति औंस पर रही। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''बुधवार को विदेशी बाजार में हाजिर सोना करीब 4,040 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहा।

सेल का लाभ चार गुना होकर 1,750.47 करोड़...

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में चार गुना होकर 1,750.47 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से अधिक राजस्व के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 418.72 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 31,997.55 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 26,704.17 करोड़ रुपये था। दूसरी तिमाही के दौरान कुल खर्च बढ़कर 29,913.65 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 26,113.64 करोड़ रुपये था।



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001 दूरभाष क्र.-0771-4073555
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in

जन सुनवाई स्थगन की सूचना

आयोग द्वारा दिनांक 06/10/2026 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के अनुसार, पुनः खोली गई याचिका क्रमांक 07/2014 एवं 01/2015 पर दिनांक 30/10/2026 को दोपहर 12:00 बजे जनसुनवाई निर्धारित की गई थी।

इन याचिकाओं के संबंध में मेसर्स जिंदल स्टील लिमिटेड (JSL) ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) के उत्तर पर प्रत्युत्तर (rejoinder) दाखिल करने हेतु आयोग से 4 सप्ताह का समय माँगा है। मेसर्स JSL का उक्त अनुरोध विचाराधीन है। अतः दिनांक 30/10/2026 तक सभी पक्षों के दलील पूर्ण नहीं हो पाएगी। इसलिए दिनांक 30/10/2026 को सुनवाई किया जाना प्रासंगिक नहीं होगा।

उपरोक्त के दृष्टिगत, आयोग द्वारा दिनांक 30/10/2026 की जनसुनवाई स्थगित की जाती है। सुनवाई की अगली तिथि पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

//Save Electricity// उप सचिव

MUNICIPAL COUNCIL, SARANGARH
E-Procurement Tender Notice (1st Call)
NIT NO : 2278 SARANGARH, Dated 28.10.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to Date 21.11.2026 at 17.30 Hours

System Tender No.	Description of works	Probable Amount of Contract (In Lakhs)	EMD Cost of Tender Form/TD R/FDR	Tender Form Fees	Time allowed for completion
202969	Construction Of Gaurav Parth From Bharat Mata Chowk to Garh Chowk via the Kosir Chowk at Municipal Council Sarangarh	249.54	150000.00	3000.00	18 Month

More details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in According to cg uad guideline. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SARANGARH

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.27/न.पा.नि./PMAY/2026-27 दिनांक 28/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
202832	नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थित IHSDP एवं समान आवास परिसरों में आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं संधारण कार्य।	50.00	18/11/2026

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यालय नगर पंचायत बरमकेला जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ (छ.ग.)

क्र./1019/न.प./लो.नि./2026-27 बरमकेला, दिनांक 28.10.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी "द" एवं अधिक मे पेजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रण सूचना आमंत्रित किया जाता है :-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख मे)	अमानत राशि एफ.डी.आर/ टी.डी.आर के रूप मे
1	202953	1. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE NEAR SICHAI COLONY AT WARD NO.09 (20 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BUS STAND CHANDRAPUR ROAD AT WARD NO.08 (20 NOS)	83.74	62800.00
2	202957	1 CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BESIDE GAYATRI MANDIR AT WARD NO.09 (10 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE BUS STAND SARIYA ROAD AT WARD NO.09 (20 NOS)	62.80	47100.00
3	202959	1. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE. LENDHRA ROAD AT WARD NO.10 (20 NOS) 2. CONSTRUCTION OF GUMTI TO BE NEAR PANI TANKI AT WARD NO.11, 09 (20 NOS)	83.74	62800.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्यूरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in ई- अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरमकेला

प्रथम पृष्ठ का शेष

हरिभूमि-आईएनएच की...

काफी समय से किया जाता है। पिछले कुछ समय से चांदी के दाम में हुई बढ़ोतरी के बाद इस कारोबार में भी गोरखधंधा शुरू हो गया है। हरिभूमि ने मिठाइयों को चमकदार बनाने की आड़ में लोगों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने वाले कारोबारा का खुलासा किया था। इसे संज्ञान में लेते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठानों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गोलबाजार के न्यू राम कृष्ण एजेंसी से शक्ति ब्रांड सिल्वर लीव्स और श्री ब्रांड सिल्वर लीव्स का लीगल नमूना लिया है। इसके साथ ही श्री ब्रांड सिल्वर लीव्स के 8 पैकेट संदेह के आधार पर जब्त कर लिया है। इसके अवाला जांच टीम ने अन्य प्रतिष्ठानों में पूछताछ के बाद लक्ष्मन दास लक्ष्मन दास सेल्स से अनूप सिल्वर लीव्स, मेसर्स दौलत राम दीवान से शाही ब्रांड सिल्वर लीव्स तथा न्यू राम कृष्ण एजेंसी से शुभ सिल्वर लीव्स का लीगल नमूना लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। रायपुर जिले के अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा व मानक अधनियम 2006 की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि की जांच...

के पाए गए। लैब की जांच में पाया गया था कि चांदी की जगह एल्युमिनियम से लीब्स बनाई जा रही थीं। खबर प्रकाशित होने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बुधवार सुबह से ही छापेमारी शुरू कर दी। सेंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

'अर्नब' ने आंध्रप्रदेश-...

जनजीवन प्रभावित हुआ और राज्य सरकार को 30,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है जबकि कई जिलों को 'हाई अलर्ट' पर रखा है। आईएमडी के अनुसार, अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्नब' मंगलवार देर रात दो बजे से बुधवार सुबह आठ बजे के बीच आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार कर गया और कमजोर होकर भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया। मौसम विभाग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ''चक्रवात ने 16.450 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 81.90 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास यनम के दक्षिण-पश्चिम में आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार किया। यह स्थान नरसापुर से लगभग 20 किलोमीटर पूर्व-उत्तर पूर्व, यनम से 40 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और काकीनाडा से 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है।'' तटीय जिलों के कई इलाकों में भारी बारिश हुई और कुछ स्थानों पर 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। चक्रवात 'अर्नब' के कारण कई स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है। कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात के दौरान अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें 55 वर्षीय एक महिला शामिल है। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशाखापत्तनम जिले में मंगलवार रात 53 वर्षीय एक व्यक्ति की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब वह खेत में पानी की निकासी के लिए बनी नाली के ऊपर टूटकर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आ गया। पुलिस ने बताया कि दूसरी घटना बुधवार सुबह अनकापल्ली जिले के येल्लमंचिली शहर में हुई, जहां 55 वर्षीय एक महिला की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब घर के बाहर पड़े बिजली के खुले तार पर गलती से उसका पैर पड़ गया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार सुबह स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों समेत 32,000 कर्मचारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस के दौरान अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए कि चक्रवात से संपत्ति को कम से कम नुकसान हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गिरे हुए पेड़ों के कारण अवरुद्ध हुई सड़कों को दो घंटे के भीतर साफ करें और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात बाधित कर रहे पेड़ों को तत्काल हटाएं।

पश्चिम बंगाल में...

सुबह तक तथा उप-हिमालयी क्षेत्र में शनिवार तक भारी बारिश होने की संभावना है।

रायपुर समेत कई...

सीमा में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में गुरुवार 29 अक्टूबर को विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय अवकाश रहेगा। **आंगनबाड़ी भी बंद** -बिलासपुर जिले में भी 29 अक्टूबर को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं कोरिया कलेक्टर रोक्तिमां यादव ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए 29 अक्टूबर को जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रखने के निर्देश जारी किए हैं। अर्नब चक्रवात के संभावित प्रभाव से कोरिया, सूरजपुर और एमसीबी जिले में तेज बारिश की आशंका है। वहीं, बारिश से खेतों में पककर तैयार धान की फसल को नुकसान पहुंचने की चिंता भी बढ़ गई है। पेंड्रा, रायगढ़ सहित अन्य जिलों में भी गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। इसके पहले बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर जिले में बुधवार से ही अवकाश घोषित किया जा चुका है।

अर्नब के असर...

रही। जगदलपुर में पिछले 36 घंटों में 15 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। दक्षिण बस्तर के सीमावर्ती जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा में भी भारी बारिश देखने को नहीं मिली। रायपुर में भी पूरे दिन बारिश होती रही।

3 को राज्योत्सव के....

तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अनुसार, राज्योत्सव का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे, जबकि समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश का स्थापना दिवस पर 3 दिन के राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे और दो नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीन नवंबर को समापन में देश के गृहमंत्री अमित शाह का आगमन होगा। राज्य स्तरीय समारोह में चयनित व्यक्तियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

नवा रायपुर के...

की आकृति बनाकर छत्तीसगढ़ का अभिनंदन करेंगे। इस रोमांचकारी एयर शो के लिए एयरोबेटिक टीम सारंग के 6 हेलीकाप्टर और 7 पायलट राजधानी पहुंच चुके हैं।बुधवार को हरिभूमि की टीम ने वायुसेना के एयरोबेटिक टीम सारंग की कमान संभाल रहे विंग कमांडर और स्क्वाड्रन कमांडरों से बातचीत की। एरोबेटिक टीम सारंग के विंग कमांडर वीर, स्क्वाड्रन अंकिता ने बताया कि उनकी सारंग टीम राज्योत्सव में एयर शो का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सारंग के 6 हेलीकाप्टर और 7 सदस्यों की टीम पहुंची हुई है। रायपुर में एयर-शो करना पूरी टीम सारंग के लिए गर्व की बात होगी। सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन अभिजीत कुमार करेंगे। टीम में दो महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर अंकिता और स्क्वाड्रन लीडर अक्षया भी शामिल हैं। टीम के सदस्य पांच हेलीकॉप्टरों के माध्यम से आसमान में विभिन्न रोमांचक संरचनाओं और साहसिक हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगे। सारंग टीम में कुल 4 महिला पायलट स्क्वाड्रन लीडर 6 पुरुष पायलट मिलाकर कुल 10 पायलट सदस्यों की टीम एयर-शो में हिस्सा लेगी। वहीं तकनीकी टीम की बात करें तो सारंग टीम में 50 सदस्यीय तकनीकी टीम शामिल है। इस हवाई प्रदर्शन का सबसे मुख्य आकर्षण तब होगा, जब टीम के 5 स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एएलएच 'ध्रुव' हवा में एक साथ उड़ान भरकर आसमान में 'दिल' हार्ट-इन-द-स्काई की भव्य आकृति उकेरेंगे और छत्तीसगढ़ की जनता का अभिनंदन करेंगे। **करतब से पहले होगा एयर-शो का अभ्यास**-सारंग टीम के विंग कमांडर वीर ने बताया कि बारिश का मौसम साफ होते ही एयर-शो से पहले अभ्यास किया जाएगा। 2 नवंबर से एयर-शो से पहले 30 अक्टूबर को अभ्यास का शेड्यूल तय हुआ है। हाल ही में टीम बनारस में एयर-शो में भाग लेकर सीधे रायपुर पहुंची है। हर एयर-शो से पहले अभ्यास करना टीम की रुटीन योजना का हिस्सा है।

बाजार से लौट...

तथा 1 लाख 50 हजार रुपए नकद रखे थे। लूटे गए सामान की वास्तविक मात्रा और कीमत का आकलन जांच के बाद स्पष्ट होगा।

जियो की धमाकेदार...

हुए मुकेश अंबानी की आंखों में आंसू आ गए। यह समारोह रिलायंस ग्रुप के लिए एक अहम पड़ाव रहा। इस दौरान अनंत और ईशा ने बताया कि जियो ने महज 10 साल में किस तरह अपना कारोबार बढ़ाया और करोड़ों लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ बीएसई और एनएसई पर 21 फीसदी से कुछ ज्यादा प्रीमियम के साथ 1358 रुपये पर लिस्ट हुआ। इसके साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। बीएसई और एनएसई पर शेयर ने 1,358 रुपए पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 21.36 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1,417.35 रुपये पर बंद हुआ जो निर्गम मूल्य से 26.66 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 27.23 प्रतिशत चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 1,423.80 रुपये पर पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 26.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,417.50 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 27.24 प्रतिशत चढ़कर 1,423.90 रुपए पर पहुंच गया था। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपए रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों में जियो प्लेटफॉर्म्स, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक से आगे है। रिलायंस इंडस्ट्रीज 15.67 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। जियो प्लेटफॉर्म्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 28.72 लाख करोड़ रुपए रहा।

कैसे मिलेंगी सुविधाएं...

अधोसंरचना मद के तहत तीन वित्तीय वर्षों में 13,057 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन इनकी औसत लागत काफी कम है। इतनी बड़ी संख्या में छोटे-छोटे कार्यों की स्वीकृति राज्य स्तर से दिए जाने के कारण देरी होती है और उनकी निगरानी करना भी मुश्किल होता है।

नए सिरे से अब...

का प्रभावी अवसर देना होगा। रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति की 3 अप्रैल 2025 की अनुशंसा तथा राज्य शासन के 18 सितंबर 2025 और आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के 23 सितंबर 2025 के आदेशों को चुनौती दी थी। इन आदेशों के जरिए दोनों संस्थानों के हास्टल, मेस और परिवहन शुल्क में कटौती की गई थी और स्टूडेंट्स से वसूले गए अतिरिक्त राशि को लौटाने का निर्देश जारी किया था। श्रीबालाजी मेडिकल कालेज ने प्रति विद्यार्थी प्रतिवर्ष हास्टल और मेस के लिए तीन लाख रुपए तथा परिवहन के लिए ढाई लाख रुपए शुल्क प्रस्तावित किया था। समिति ने इन्हें घटाकर क्रमशः 78,059 रुपए और 13,719 रुपए कर दिया था। **हाईकोर्ट ने कही यह बात**-हाईकोर्ट ने कहा कि नियामक समिति को मुनाफाखोरी और निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क वसूली रोकने का अधिकार है। लेकिन उसे संस्थानों द्वारा प्रस्तुत प्रासंगिक वित्तीय दस्तावेजों पर भी विचार करना होगा। केवल सुनवाई का अवसर देना पर्याप्त नहीं है, प्रस्तुत सामग्री का वास्तविक और निष्पक्ष आकलन भी जरूरी है। कोर्ट ने माना कि समिति की अनुशंसा में वास्तविक खर्च, हास्टल में विद्यार्थियों की संख्या और अलग-अलग मदों के व्यय पर उचित विचार किए जाने का स्पष्ट आधार नहीं दिखता।

एक कमरे में पांच...

मैनपुर पहुंचे और एसडीएम कार्यालय तथा विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। एसडीएम लोकांश एल्मा के द्वारा इस मामले मे जल्द कार्यवाही के साथ ही स्कूल भवन की समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा कर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्र बीईओ कार्यालय पहुंचे और वहां भी ज्ञापन सौंपा। गरियाबंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम ठेमली में अधूरा स्कूल भवन के चलते एक कमरे के भीतर पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ग्रामीणों ने कई बार स्कूल भवन निर्माण को पूर्ण करने की मांग कर थक चुके लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मजबूरन स्कूल के बच्चे एवं पालक ग्रामीण भारी बारिश आंधी तूफान के बीच भीगते हुए और छाता लेकर 15 किलोमीटर पदयात्रा करते हुए मैनपुर पहुंचे थे।

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या.,
बी- 26, सेक्टर- 07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर फोन 0771 4059181

रूचि की अभिव्यक्ति

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एंव विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर द्वारा उत्पादित कॉटन एवं कोसा वस्त्रों के तकनीकी कार्य के लिए संघ के कर्मचारी सेवा नियम 02, नियम 05 के कण्डिका 25 अन्तर्गत छत्तीसगढ़ मूल निवासी से भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिक संस्थान के डिप्लोमाधारियों से कलेक्टर द्वारा निर्धारित उच्च कुशल दर पर रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन का प्रारूप छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग के वेबसाइट ruralindustries.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय प्रमाण पत्र सहित आवेदन राज्य हाथकरघा संघ कार्यालय बी- 26, सेक्टर- 07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर में दिनांक 04.11.2026 तक कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत / स्पीड डाक / Email- cghandloom@gmail.com के द्वारा आवेदन जमा कर सकते है।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर

S. 49609

DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA, DURG-491001 (C.G.)

No. DI/PG/Admn./DSVCKV/2026-27/1029 Dated: 27.10.2026

ADMISSION NOTICE

Online applications are invited from eligible candidates for admission in M.Tech./M.Sc. (Dairy) and M.F.Sc. (Fisheries Science) programmes for the Academic Session 2026-27. The selection of candidates shall be done on the basis of their score/ rank obtained in All India Entrance Examination for Admission to Masters degree Programme (AIEEA-PG) of ICAR conducted by National Testing Agency (NTA), New Delhi for the session 2026-27. The application form can be filled online from 01/11/2026 to 15/11/2026 (11:59 pm) through the link https://dsvckvdurg.ac.in. Applicants must pay application fee of Rs. 1000/- (Rs. 600/- in case of SC and ST candidates of C.G. State) online through the payment gateway available in the application module. The SC/ST candidates of CG state should upload jpeg file of the caste certificate issued by the competent Authority. The applicants must read the detailed admission notice available in the Vishwavidyalaya website https://dsvckvdurg.ac.in for filling the online application form after going through all the instructions therein before last date of registration.

REGISTRAR
DSVCKV, Durg (C.G.)

S. 49611

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in

NIT NO: 68 **RAIPUR DATED : 27/10/2026**

Online bids are invited for the following works up to 12/11/2026 at 17:30 hours.

Sr. No	System Tender No.	Name of Work/ Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	202820	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 45 अंतर्गत मोतीबाग के पास स्थित प्रेस क्लब का जीर्णोद्धार कार्य, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक संधारण कार्य। (द्वितीय निविदा)	116.93
2	202821	अतिरिक्त कक्ष निर्माण-शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर भगवतीचरण शुक्ल वार्ड नगर निगम रायपुर जिला रायपुर (चतुर्थ निविदा)	10.00
2	202826	पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 अंतर्गत बैरन बाजार शासकीय वेटनरी हास्पिटल में डॉग केनल का निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	10.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 28/10/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

ZONE COMMISSIONER ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

Dream City, Clean City, Green City

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018, फोन-0771-2990592,
email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षे. बस्तर /85 / Mandi-1/651/26-27/4402 रायपुर, दिनांक 27/10/2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आंमत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 20.11.2026

फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 30.11.2026

क्र.	कार्य स्थल का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
जिला बस्तर, वि.ख. बकावण्ड अंतर्गत विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रो में 200 मी.टन गोदाम निर्माण कार्य :-			लो.नि.वि.भवन कार्य दिनांक 10.06.2026 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
1	छोटेदेवड़ा	10.08	
2	कोलावल	10.08	
3	मोहलई	10.08	
4	करीतगांव	10.08	
जिला बस्तर, वि.ख. बस्तर अंतर्गत विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रो में 200 मी.टन गोदाम निर्माण कार्य :-			
5	नदीसागर	10.08	
6	चोकर	10.08	

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

स. 49603 **प्रबंध संचालक**

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केदवा मलहम लिखा देखें। रज.नं. 573034वी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com

Classified

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य करने हेतु पढ़ी लिखी स्मार्ट युवती की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- 8085686630 **(42202)**

आवश्यकता है- वेलनेस एजेन्सी में कार्य करने हेतु एक बिजनेस मार्केटिंग मैनेजर (योग्यता MBA, MCA बीफार्मा) एवं बिलिंग हेतु एक अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 70671 24226 **(42201)**

आवश्यकता है- होटल ओरियो में मैनेजर 1पद (लड़का/ लड़की) रिसेप्शनिस्ट 1पद (लड़का/ लड़की) हाउस कीपिंग 1पद (लड़का/ लड़की) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- दीनदयाल कॉलोनी रोड मंगला बिलासपुर 8718960345, 6263772306 **(42192)**

आवश्यकता है- दिन में ड्यूटी कार्य हेतु मैनेजर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- किरण लाज गांधी चौक बिलासपुर **(42195)**

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 **(42197)**

आवश्यकता है- ऑफिस और फील्ड वर्क का काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है, अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। सैलेरी योग्यता अनुसार। उम्मीदवार नीचे दिए गए नम्बर पर अपना बायोडाटा वाट्सअप करें- 9009658885 पता- जाजोदिया टाइल्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर **(42194)**

आवश्यकता है- साड़ी एवं रेडीमेड दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों एवं लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 **(42198)**

आवश्यकता है- स्कूल में वैन ड्राइवर की आवश्यकता है वैध ड्राइविंग लाइसेंस, 2 से 3वर्ष अनुभवी एवं जिम्मेदार ड्राइवर को प्राथमिकता सम्पर्क करें- ओशियन पब्लिक स्कूल, गीतांजली सिटी बहतराई बिलासपुर 6264161800, 9981768231 **(42196)**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करने के लिए 4 लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पूनम इलेक्ट्रॉनिक्स गांधी चौक बिलासपुर **(42177)**

आवश्यकता है- जय अम्बे नेत्रालय महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 में कार्य करने हेतु नर्सिंग स्टाफ एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8349449990, 07752 405124 **(42181)**

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेन्सी में एडमिन (स्त्री/ पुरुष), सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, प्यून (स्त्री/ पुरुष), फ्लेक्स माउंटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी15, ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, लिंक रोड बिलासपुर 6264550163 **(42183)**

आवश्यकता है- 5-6वर्ष अनुभवी सेल्समैन एवं टूर कार्य हेतु तथा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बजरंग मेडिकल स्टोर मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9827195997, 9144700050 **(42174)**

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कार्य हेतु असिस्टेंट एकाउंटेंट अनुभवी सेल्समैन, पैकिंग एवं लोकल में माल छोड़ने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी, तेलीपारा बिलासपुर **(42186)**

आवश्यकता है- दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9425540768 **(42190)**

आवश्यकता है- सिविल इंजीनियर- ऑटोकैड, स्ट्रक्चरल ड्रॉइंग तथा साइट मैनेजमेंट अनुभवी एवं सिविल साइट सुपरवाइजर- निर्माण कार्य तथा स्वतंत्र रूप से साइट संचालन का अनुभवी। वेतन- योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 98270 72000 **(42094)**

आवश्यकता है- काम करने वेटर, झाड़ू पोछा, साफ सफाई कार्य 18वर्ष से ऊपर पुरुष कर्मचारी की। वेतन 10000 महीना ग्रामीणों को निःशुल्क भोजन, आवास पता- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 98279 40898 **(42184)**

आवश्यकता है- रियल एस्टेट ऑफिस में काम करने हेतु एक प्यून (चपरासी) जिसकी योग्यता कम से कम 10वीं पास और एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9893152728 **(42191)**

आवश्यकता है- सेल्स ऑफिसर, सेल्स मैनेजर लड़के लड़कियों की अति शीघ्र आवाश्यकता है वेतन+ बोनस, सम्पर्क करें- निशा आर्ट्स, फिल्म प्रोडक्शन आजाद चौक मंगला, बिलासपुर 89828 15055 **(42182)**

आवश्यकता है- रियल इस्टेट कम्पनी में ऑफिस कार्य करने हेतु शिक्षित अनुशासित स्मार्ट युवती की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सकरी आसमां सिटी के पीछे बिलासपुर 8319734999 **(42180)**

आवश्यकता है- बॉयज हॉस्टल में रहकर चौकीदारी करने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन 9000, सम्पर्क करें- देवांगन बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स, E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति कार शोरूम, शिव टॉकीज रोड बिलासपुर 6262227355 **(42171)**

आवश्यकता है- स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की अति शीघ्र आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें भाटिया इंटरप्राइजेज पेट्रोल पम्प के बाजू में नेहरू चौक बिलासपुर 7587259295 **(42179)**

आवश्यकता है- सलवार सूट ब्लाउज सिलाई करने वाले महिला, पुरूष चाहिए विशेष दो महिने में पूर्ण रूप से सिलाई सिखाई जाती है। सम्पर्क करें- मॉडर्न बुटिक आशा नगर उस्लापुर बिलासपुर 62656 15968 **(42175)**

आवश्यकता है- रामा लाइफ सिटी सकरी में सुबह से शाम तक पारंपरिक सात्विक शाकाहारी खाना बनाने एवं घरेलू ऊपरी सभी कार्य करने हेतु 12वीं पास जिम्मेदार महिला चाहिए। सम्पर्क करें- 70671 24226 **(42176)**

आवश्यकता है- आफिस रिसेप्शनिस्ट/ फिल्ड कार्य हेतु स्कूटी जानकार लड़की/ युवती चाहिए (समय 9:30 से 7:30, वेतन 9000 से 10000 योग्यतानुसार) पता- JBS Infra developer हेमू नगर पावर हाऊस तोरवा बिलासपुर 9300000195 **(42178)**

आवश्यकता है- कॉल सेंटर में कार्य करने हेतु आवश्यकता है, महिलाओं एवं युवतियों की, अनुभवी को वरीयता, वेतन- 5000 से शुरू, एजुकेशन- 8वी से 10वी, 12वी पास, संपर्क करें:- 7024947544 **(102)**

आवश्यकता है- सर्विस इंजीनियर (डिप्लोमा/ ITI) एवं ऑफिस कार्य करने के लिए कम्प्यूटर/ अंग्रेजी जानकार फीमेल स्टाफ की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9827939110 **(42187)**

बेचना है

बेचना है- जमीन बेचना है कोरबा- कटघोरा मार्ग पर छुरी कलां पंचायत भवन के पास शानदार फ्रंट की 15 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 7566835999 **(42199)**

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34×55= 1870 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 8839864986 **(42200)**

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट सम्पर्क- 9893958173 **(42041)**

बेचना है- सैदा मुख्य मार्ग से लगी 13080 वर्

डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी
गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

लाहौर वनडे : हारिस रऊफ और इंग्लैंड टीम पर लगा जुर्माना

दुबई। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर रविवार को लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के दौरान मैदान पर गलत व्यवहार के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड पर धीमे ओवर-रेट के कारण जुर्माना लगाया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कन्फर्म किया है कि रऊफ ने प्लेयर्स और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए अपने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध



नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है।'



पाटीदार का शतक, सारांश ने चटकाए 13 विकेट



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले चरण के तीसरे मुकाबले खेले जा रहे हैं। मध्यप्रेश का मुकाबला तीसरे मैच में बिहार से हुआ, जो रजत पाटीदार की कप्तानी वाली एमपी की टीम ने तीसरे दिन ही जीत लिया। मध्यप्रदेश ने बिहार को पारी और 174 रनों से मात देते हुए इस सीजन अपनी पहली जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर सारांश जैन ने 13 विकेट झटके। सारांश जैन ने पहली पारी में 7 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए। वहीं मध्यप्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने भी इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन



यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, "यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत

टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। दिल्ली की इस 18 वर्षीय खिलाड़ी के लिए पीएसए टूर पर यह साल शानदार रहा है। इस महीने की शुरुआत में सिलिकॉन वैली ओपन में अनाहत ने सेमीफाइनल के अपने सफर के दौरान मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर एल शेर्बिनी को हराया था।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव

नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

क्र.सं.: 1. E-Tender No: Sr. DEE-G-R-OTP-26-27-20 दिनांक: 16.10.2026 कार्य: रायपुर डिवीजन में CAMTECH दिशानिर्देशों के अनुसार, खराब ट्रांसफॉर्मरों की एक बार ओवरहॉलिंग और सभी ट्रांसफॉर्मरों की ऑयल फिल्ट्रेशन। निविदा मूल्य: ₹1,66,67,845.07 बयाना राशि: ₹3,33,400.00 निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय: 17.11.2026 को दोपहर 15:30 बजे तक। अग्रिम विवरण/ निविदा दस्तावेज के क्रय, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य की संपूर्ण जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (जी)/ रायपुर Sr. DEE/ G/ R के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/ डाउनलोड करें। इन निविदाओं (टेंडरों) के लिए मैनुअल (कागजी/ ऑफलाइन) प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे और इस प्रकार प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को निरस्त कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/
रोलिंग स्टॉक एवं सामान्य
PR/R/SR.DEE(RS&G)/D360/245
South East Central Railway @secrail

ACB (INDIA) LTD.(2X135MW TPP)

NOTICE INVITING TENDER

Ref. No: ACBIL/ 2x135MW TPP/ASH TRASNPORTATION/ 2026-27/OCT _01

Description of work: We ACB (INDIA) LTD., 2x135 MW Thermal Power Plant at Village- Kasaipali, Dist Korba (CG), require competent agency for Transportation of Fly Ash/Pond ash from Kasaipali to low lying area/Stone Quarry/Road Construction located near Katghora, Korba or nearby area for a distance within 50 Kms. Details as below:

Transportation of Ash by self-tippling Tipper/Trucks dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines from Kasaipali to designated location at low lying area Near katghora, Korba.

Total Quantity and Rates: Estimated quantity of ash to be transported is approximate basis which is approximately 75000 MT per month as per plant generation. This may vary based on requirement at backfilling site and ash availability in transit silo as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently as per mutual agreement.

Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of tender document from below mentioned address & submit their bids. Please note that tender document will neither be issued over mail or WhatsApp nor such requests will be entertained. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:

Transportation charges of fly ash /pond ash from Kasaipali to low lying area/Stone Quarry/Road Construction located near Katghora, Korba nearby area for a distance within 50 Kms from Kasaipali **as per details mentioned in tender documents**

Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution Control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc..

Tender will available: from 29.10.2026 at 11.00 Hrs. to 31.10.2026 at 16.00 hrs.

Last date of Bid submission: 02.11.2026 at 15.00 Hrs.

Contact person: Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949, E-mail: civil.270MW@cg.acbindia.com

Address : ACB (India) Ltd. 2x135MW TPP, Village-Kasaipali, Teh- Katghora, Dist- Korba (CG)

- S/d-
ACB (India) Ltd. (2X135MW TPP)

ACB INDIA LTD. (2X135MW TPP)

NOTICE INVITING TENDER

Ref. No: ACBIL/ 2x135MW TPP/ASH loading _Unloading/ 2026-27/OCT _ 02

Description of work: We ACB (INDIA) LTD., 2x135 MW Thermal Power Plant at Village- Kasaipali, Dist Korba (CG), require competent agency for loading from TPP ash dyke/ash mound, unloading and compaction & covering with soil etc. at low lying area, Katghora, Korba or nearby area for within a distance of 50 Kms from Kasaipali.

Details as below: 1. Loading of fly ash from ash pond/ash mound by poklain/excavator.

2. Unloading of fly ash/Pons ash at identified location low lying area/Stone Quarry/Road construction near katghora,/Korba or nearby area

3. Dozing & levelling of transported ash at identified location low lying area/Stone Quarry/Road Construction near katghora/ Korba or nearby area

4. Compaction and covering with soil Min 500 mm thick layer.

Total Quantity and Rates: Estimated quantity of ash to be loaded and unloaded is approximate basis which is approximately 75000 MT per month as per plant generation. This may vary based on requirement at backfilling site and ash availability in transit silo as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently.

Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of bid at "ACB India Ltd., 2x135MW TPP, Kasaipali" from below mentioned address & submit their bids. Please note that tender document will not be issued over mail or whatsapp nor such requests will be entertained. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:

A. Loading of fly ash from ash pond/ash mound by Pocklain: **as per details mentioned in tender documents** (if fly ash loaded from silo, loading charge will not applicable)

B. Unloading, dozing & levelling: **as per details mentioned in tender documents**

C. Compaction & covering with soil min 500mm thick layer including soil cost, transportation, and compaction by roller/ dozer, water sprinkling by water tanker etc. complete as per details mentioned in tender documents.

Interested and eligible bidder may collect detailed tender documents with written request for issuance of bid from below mentioned address and submit their bids. Please note that tender documents will neither be issued over mail or WhatsApp nor such requests will be entertained.

Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc.

Tender will available: from 29.10.2026 at 11.00 Hrs. to 31.10.2026 at 16.00 hrs.

Last date of Bid submission: 02.11.2026 at 15.00 Hrs.

Contact person: Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949, E-mail: civil.270MW@cg.acbindia.com

Address: ACB (India) Ltd. 2x135MW TPP, Village-Kasaipali, Teh- Katghora, Dist- Korba (CG)

- S/d-
ACB (India) Ltd. (2X135MW TPP)







80 साल से प्रशांत महासागर में डूबे जहाजों से रिस रहा काला जहर

न्यूयार्क। द्वितीय विश्व युद्ध के समय प्रशांत महासागर में डूबे सैकड़ों युद्धपोत आज भी समुद्र के सीने पर गहरे जख्म की तरह मौजूद हैं। इन जहाजों के जंग लगे स्टील के ढांचे धीरे-धीरे टूट रहे हैं। इनके फ्यूल टैंकों से लगातार जहरीला तेल समुद्र के पानी में रिस रहा है। सामान्य तौर पर पेट्रोलियम से भरा यह कचरा समुद्री जीवों के लिए मौत का सामान माना जाता है। माइक्रोनेशिया के पास समुद्र तल पर पड़े दो जापानी जहाजों के ईंधन की जांच कर रहे वैज्ञानिकों को बिल्कुल अप्रत्याशित नतीजे मिले हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि इस काले और बेहद जहरीले ईंधन के भीतर बैक्टीरिया की एक पूरी दुनिया बस चुकी है।

ऑपरेशन हेलस्टोन में डूब गए थे दर्जनों जहाज

अमेरिकी वायुसेना ने 1944 में ऑपरेशन हेलस्टोन के तहत इस पूरे बेस को तबाह कर दिया था। इस हमले के बाद दर्जनों जहाज समुद्र में डूब गए थे। आज इस इलाके में करीब 2 लाख टन से ज्यादा डूबे हुए जहाजों का मलबा मौजूद है। जहाजों के गलते हुए टैंकों से दशकों से लगातार तेल बाहर निकल रहा है। यह रिसाव स्थानीय मछलियों और पूरे मरीन इकोसिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन पानी में घुलकर टार बॉल्स बना देते हैं, जिससे जलीय जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



ईंधन में वैज्ञानिकों को क्या मिला?

फिजी की यूनिवर्सिटी ऑफ द साउथ पैसिफिक के शोधकर्ताओं ने इस समस्या की जड़ तक जाने का फैसला किया। उन्होंने चुउक लैगून की गहराई में मौजूद दो मशहूर जापानी जहाजों पर फोकस किया। इनमें पहला जहाज ऑयल टैंकर शिंकोकू मारु था और दूसरा पूर्व पैसेंजर-कार्गो जहाज कियोसुमी मारु था। इन दोनों जहाजों से अलग-अलग तरह का ईंधन समुद्र में रिस रहा था। शोधकर्ताओं की टीम ने इन दोनों जहाजों के मलबे से ईंधन के सैंपल इकट्ठा किए. इसके अलावा शिंकोकू मारु के तेल और समुद्री पानी के संपर्क वाली सीमा से भी नमूने लिए गए। इन सभी सैंपल्स को गहराई से जांचने के लिए लैब भेजा गया। वैज्ञानिक मुख्य रूप से दो चीजों की तलाश कर रहे थे। पहला ईंधन की रासायनिक बनावट और दूसरा उसमें रहने वाले बैक्टीरिया।

भारत का वो गांव, जहां धरती पर उतर आता है चांद पहाड़ियों के बीच दिखती है बौद्ध संस्कृति की झलक!

नई दिल्ली। भारत में खूबसूरत जगहों की कमी नहीं है। कहीं हरे-भरे खेत और नदियां मन मोह लेते हैं, तो कहीं पहाड़ों के बीच बसे छोटे-छोटे गांव अपनी सादगी और प्राकृतिक सुंदरता से लोगों का दिल जीत लेते हैं। देश के कई गांव ऐसे भी हैं, जहां पहुंचकर ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। लद्दाख का लामायुरू भी ऐसी ही एक खास जगह है। यहां दूर-दूर तक फैली भूरी, सुनहरी और स्लेटी पहाड़ियां किसी चांद की सतह जैसी नजर आती हैं। यही वजह है कि इसे लामायुरू मूनलैंड के नाम से जाना जाता है। अगर आपको पहाड़ों के बीच घूमना और प्रकृति के अनोखे रंग देखना पसंद है, तो यह जगह आपकी ट्रैवल लिस्ट में जरूर होनी चाहिए।

चांद जैसी दिखती हैं यहां की पहाड़ियां

लद्दाख की खूबसूरती बाकी पहाड़ी इलाकों से काफी अलग है। यहां सिर्फ हरे-भरे जंगल और बर्फ से ढकी चोटियां ही नहीं, बल्कि सूखी जमीन, ऊंची-नीची पहाड़ियां और चट्टानों की अनोखी बनावट भी देखने को मिलती है। लामायुरू मूनलैंड अपनी इसी खास खूबसूरती के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियों पर कहीं गोलाकार आकृतियां दिखाई देती हैं, तो कहीं गहरे कटाव और छोटी-बड़ी घाटियां नजर आती हैं। दूर से देखने पर ये पहाड़ियां चांद की सतह जैसी लगती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, मानो चांद धरती पर उतर आया हो। हवा, पानी और मौसम के लंबे समय तक पड़ने वाले असर से यहां की जमीन ने यह अनोखा रूप लिया है। इस जगह की एक और खास बात यह है कि सूरज की रोशनी के साथ पहाड़ियों के रंग भी बदलते नजर आते हैं। सुबह और शाम के समय इनका नजारा बेहद आकर्षक लगता है। यही वजह है कि यहां आने वाले पर्यटक तस्वीरें खींचना पसंद करते हैं। अगर आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो लामायुरू मूनलैंड आपके लिए एक शानदार जगह हो सकती है।



पुराने बौद्ध मठ के लिए भी मशहूर है लामायुरू

लामायुरू की पहचान सिर्फ चांद जैसी दिखने वाली पहाड़ियों तक सीमित नहीं है। यहां स्थित प्राचीन बौद्ध मठ भी इस जगह को खास बनाता है। इसे लामायुरू मठ या युरु गोम्पा कहा जाता है। यह लद्दाख के प्रमुख बौद्ध धार्मिक स्थलों में गिना जाता है और बौद्ध धर्म की द्विकुंग काग्यू परंपरा से जुड़ा हुआ है। समुद्र तल से करीब 3,510 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मठ का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। मान्यता है कि 11वीं सदी में बौद्ध योगी नारोपा ने यहां साधना की थी। स्थानीय परंपरा में यह कहानी भी सुनाई जाती है कि इस घाटी में कभी एक झील हुआ करती थी। बाद में झील का पानी सूख गया और यहां धार्मिक केंद्र विकसित हुआ।


युरु कबग्यात उत्सव में दिखती है लद्दाख की संस्कृति

अगर आप लामायुरू की स्थानीय संस्कृति को करीब से देखना चाहते हैं, तो यहां होने वाला युरु कबग्यात उत्सव आपके लिए खास हो सकता है। यह लामायुरू मठ में आयोजित होने वाला सालाना बौद्ध उत्सव है। इस दौरान मठ में धार्मिक कार्यक्रम होते हैं और भिक्षु पारंपरिक पोशाक पहनकर रंग-बिरंगे मुखौटों के साथ छम नृत्य करते हैं। इन नृत्यों का बौद्ध धर्म में धार्मिक महत्व है। उत्सव के समय स्थानीय लोग और पर्यटक बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, मुखौटे और धार्मिक गतिविधियां इस आयोजन को देखने लायक बनाती हैं। हालांकि, उत्सव की तारीख हर साल बदल सकती है। इसलिए, अगर आप इसे देखने के लिए लामायुरू जाने की योजना बना रहे हैं, तो यात्रा से पहले मठ या स्थानीय पर्यटन संबंधी आधिकारिक स्रोतों से तारीख की पुष्टि जरूर कर लें।

अपनी लार से बनाती है नेस्ट

सोने से भी महंगा बिकता है इस चिड़िया का घोंसला

नई दिल्ली। आज के दौर में सोना खरीदना हर किसी के बस की बात नहीं रह गई है। बढ़ती कीमतों के चलते लोग गहने खरीदने से पहले कई बार सोचते हैं। भारत में सोने को कीमती संपत्ति और निवेश का भरोसेमंद विकल्प माना जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसी चिड़िया के बारे में सुना है, जिसका घोंसला भी लाखों रुपए में बिक सकता है। दुनिया में स्विफ्टलेट नाम की एक छोटी-सी चिड़िया पाई जाती है, जिसके घोंसले की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।



अंधेरी जगहों पर बनाती है घोंसला

आमतौर पर चिड़ियों को पेड़ों की टहनियों, पत्तियों और सूखी घास से घोंसला बनाते देखा जाता है। लेकिन, स्विफ्टलेट चिड़िया अपने मुंह से निकलने वाली लार की मदद से घोंसला तैयार करती है। इसकी लार हवा के संपर्क में आकर सूख जाती है और धीरे-धीरे एक मजबूत, कप जैसी संरचना बना लेती है। स्विफ्टलेट अक्सर ऊंची चट्टानों, गुफाओं और अंधेरी जगहों पर अपना घोंसला बनाती है।

आखिर क्यों लाखों में बिकता है इसका घोंसला?

स्विफ्टलेट के घोंसले का इस्तेमाल खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन में लोकप्रिय बर्ड्स नेस्ट सूप बनाने के लिए किया जाता है। चीन, हांगकांग और सिंगापुर जैसे बाजारों में इसे एक महंगे व्यंजन के तौर पर परोसा जाता है। इसकी गुणवत्ता, शुद्धता और उपलब्धता के आधार पर कीमत अलग-अलग हो सकती है। अच्छी गुणवत्ता वाले घोंसलों का एक किलोग्राम लाखों रुपये तक में बिक सकता है। परंपरा कहती है इस सूप को सेहत, त्वचा की चमक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद माना जाता रहा है। इसके घोंसलों में प्रोटीन और कुछ अन्य जैविक घटक पाए जाते हैं। हालांकि, इसके सेवन से मिलने वाले कई बड़े स्वास्थ्य लाभों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण अभी सीमित हैं।

चीन के रेस्टोरेंट ने परोसी अजीब डिश 'कॉकरोच एग टार्ट'

बीजिंग। चीन के एक रेस्टोरेंट ने सबको चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर एक अजीब डिश वायरल हो रही है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए। मीठे और मलाईदार एग टार्ट के ऊपर बड़े-बड़े कॉकरोच जैसे कीड़े सजाकर परोसे जा रहे हैं। यह सुनकर ही अजीब लगता है, लेकिन चीन में यह डिश काफी ट्रेंड कर रही है और लोग इसे खूब चाव लेकर खा भी रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शुंडे इलाके के एक रेस्टोरेंट का है। अक्टूबर 2026 में इस रेस्टोरेंट ने 'वॉटर रोच एग टार्ट' नाम से एक नई डिश शुरू की। दिखने में यह बड़े कॉकरोच जैसा लगता है। इसे देखकर लोग कह रहे हैं कि इसे देखना भी मुश्किल है। लेकिन, रेस्टोरेंट के मालिक पैन का कहना है कि यह कॉकरोच नहीं, बल्कि पानी में मिलने वाला डाइविंग बीटल है। इसके 3 पीस की कीमत करीब 28 युआन यानी लगभग 350 रुपए है और रोजाना करीब 20 सेट बिक जाते हैं। इस डिश को बनाने का तरीका भी हैरान करने वाला है। पहले इन कीड़ों की बदबू निकालने के लिए एक खास प्रक्रिया की जाती है। फिर इन्हें तय तापमान पर तेल में तला जाता है, ताकि ये कुरकुरे हो जाएं। कीड़ों के पंखों को वैसा ही रखा जाता है ताकि उनका असली रूप बना रहे। आखिर में इन तले हुए कीड़ों को मीठे एग टार्ट के ऊपर रख दिया जाता है। रेस्टोरेंट मालिक का कहना है कि इसका स्वाद ऐसा लगता है जैसे मीठे टार्ट पर कोई कुरकुरी चिप्स रखी हो।

सीएम हेल्पलाइन में अफसर-कर्मियों का गड़बड़झाला शिकायतों के समाधान के बिना कर रहे हैं स्पेशल क्लोज

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकवा-शिकायतों की सुनवाई के लिए सरकार ने सीएम हेल्पलाइन शुरू की है, इसके जरिए लोग अपनी समस्याएं सामने लाते हैं और उनके निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। इस मामले में सरकार की नीति और नीयत पूरी तरह साफ है, लेकिन सामने आई शिकायतों के निराकरण की जिम्मेदारी जिन अफसर-कर्मियों पर है, वे ही इसमें गड़बड़झाला कर रहे हैं। मामला सामने आया है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 पर मिली शिकायतों का वास्तविक और संतोषजनक निराकरण किए बिना उन्हें स्पेशल क्लोज किया जा रहा है। यह मामला नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में खुला। सरकार ने इसे अत्यंत गंभीर एवं आपत्तिजनक माना है और संबंधित अफसर-कर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास की समीक्षा बैठक में खुला मामला

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों, नगरपालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देशों का उल्लंघन करने या शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के संचालक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कई मामलों में वास्तविक और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किए बिना ही शिकायतों को स्पेशल क्लोज किया जा रहा है। विभाग ने इस प्रवृत्ति को गंभीर और आपत्तिजनक बताते हुए कहा है कि इससे शासन की शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता प्रभावित होती है। साथ ही, नागरिकों का शासन और उसकी कार्यप्रणाली पर विश्वास भी कमजोर होता है।

निर्देश के मुताबिक, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी। संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के जरिए तय समय-सीमा के भीतर वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना होगा। केवल वे शिकायतें स्पेशल क्लोज की जा सकेंगी, जो मांग से संबंधित हों या किसी दूसरे विभाग के कार्यक्षेत्र में आती हों। ऐसी शिकायतों को भी उचित परीक्षण के बाद ही स्पेशल क्लोज करने की अनुमति होगी। इनके अलावा किसी अन्य स्थिति में शिकायत को स्पेशल क्लोज करना स्वीकार्य नहीं होगा।

निकायों की पौने पांच हजार शिकायतें हैं लंबित

नगरीय निकायों की स्पेशल क्लोज संबंधी कारगुजारी सामने आने के साथ ही यह जानकारी भी मिली है कि राज्य में नगरीय निकायों से संबंधित 4 हजार 745 शिकायतें 31 अगस्त की स्थिति में लंबित थीं। ये शिकायतें खराब स्ट्रीट लाइट, नाली, सफाई, नल से पानी न आने जैसे मामलों की हैं।

दो दिन में 193 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले दो दिन के दौरान 193 वाहन चालकों की प्रत्यक्ष चेकिंग कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। इनमें बिना नंबर प्लेट एवं आड़े-तिरछे नंबर प्लेट के 62, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के 18, नो पार्किंग के 28, तीन सवारी के 26, ड्रंक एंड ड्राइव के 40, रंगीन फिल्म के 5, मॉडिफाइड साइलेंसर के 5 तथा अन्य उल्लंघन के 9 मामले शामिल हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com